पॉलिटेक्निक डिप्लोमा सॉल्वड पेपर्स-2021-22

इंटरनेट एण्ड वेब टेक्नोलॉजी

(Internet and Web Technology)

Time : 2.30 Hours] [Maximum Marks : 50

प्रश्न 1. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए– **[2×5=10]**

(अ) Scripting भाषा से आप क्या समझते है?

उत्तर—ऐसी प्रोग्रामन भाषा को स्क्रिप्टिंग भाषा (Scripting language) कहते हैं जिसका प्रयोग करके किसी दूसरे साफ्टवेयर अनुप्रयोग (जैसे फायरफाक्स) पर नियंत्रण किया जा सके और स्क्रिप्ट के सहारे उस अनुप्रयोग से अधिक काम लिया जा सके। जावास्क्रिप्ट, पर्लद्ध पाइथन, रूबी, पीएचपी आदि कुछ प्रमुख स्क्रिप्टिंग भाषाएँ हैं।

उदाहरण के लिये फायरफाक्स एक ब्राउजर है जो सी/सी++ में लिखा हुआ है। इसके ऊपर जावास्क्रिप्ट में कुछेक पंक्तियों का प्रोग्राम लिखकर बड़े-बड़े काम कराये जाते हैं।

स्क्रिप्टिंग भाषाएँ कई मामले में भिन्न हैं। उनकी प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं—

- ये प्राय: कम्पाइल नहीं की जातीं बल्कि इन्टरप्रीट की जाती हैं।
- इनमें ऐसी विशेषताएँ या फीचर होते हैं जिससे प्रोग्रामर की उत्पादकता की वृद्धि होती है। मुख्य रूप से इनमें स्वत: स्मृति प्रबन्धन (automatic memory management) की व्यवस्था होती है तथा शक्तिशाली आपरेशन (बड़े-बड़े काम) करने की सुविधा प्रदान की जाती है (न कि लाइब्रेरी पर आश्रित रहा जाता है)।
- इनमें टाइपिंग के नियम सख्त नहीं होते।
- प्राय: ये किसी अधिक बड़े साफ्टवेयर एप्लिकेशन के भाग के रूप में प्रयोग के लिये डिजाइन की जाती हैं।
- प्राय: ये सीखने में आसान होती हैं और उतनी ही आसानी से प्रयोग की जा सकती हैं। ■

प्रश्न 1. (ब) Java Script में objects क्या है? लिखिए।

उत्तर—

जावास्क्रिप्ट ऑब्जेक्ट

(Javascript Object)

जावास्क्रिप्ट ऑब्जेक्ट उन प्रॉपर्टीज का एक कलेक्शन होता है जहाँ हर प्रॉपर्टीज का एक नाम और एक वैल्यू होती है जो हैश, मैप या अन्य लैंग्वेज में डिक्शनरी के समान होता है। एक स्टिंग का name कोई भी स्ट्रिंग हो सकता है जिसमें खाली स्ट्रिंग भी शामिल होते हैं। Value कोई भी अन्य Value हो सकती है, जैसे—स्ट्रिंग, Boolean, Number, Null, लेकिन यह undefined नहीं हो सकती। ऑब्जेक्ट का उपयोग शुरू करने के बाद भी ऑब्जेक्ट की प्रोपर्टीज को define किया जा सकता है, लेकिन सबसे पहले आइए देखें कि हम Javascript मे Object को कैसे बनाते हैं?

जावास्क्रिप्ट में आप ऑब्जेक्ट्स तीन तरह से क्रिएट कर सकते हैं—

(1) Using Object Literal

(2) Using New Keyword

(3) Using Object Constructor

■

प्रश्न 1. (स) Java Script के साथ HTML किस प्रकार काम करता है? लिखिये।

उत्तर—

जावास्क्रिप्ट में कन्ट्रोल फ्लो

(Control Flow in Javascript)

कन्ट्रोल स्टेटमेंट प्रोग्राम के फ्लो को कन्ट्रोल करते हैं। जैसे की आप कन्ट्रोल स्टेटमेंट्स की मदद से आप चुन सकते हैं कि आप कौन-सा स्टेटमेंट एक्जीक्यूट करवाना चाहते हैं और कौन-सा नहीं करवाना चाहते है। कन्ट्रोल स्टेटमेन्ट्स की मदद से लॉजिक परफॉर्म किया जाता है।

सरल शब्दों में कह सकते हैं की, आप चुन सकते हैं की कौन-सा स्टेटमेंट किस सिचुएशन में एक्सीक्यूट होगा और साथ ही आप कन्ट्रोल स्टेटमेंट्स की मदद से एक स्टेटमेंट को कई बार एक्सीक्यूट कर सकते हैं।

कन्ट्रोल स्टेटमेंट्स को तीन केटेगरी में बाँटा गया है। ये केटेगरी कन्ट्रोल स्टेटमेंट्स के टास्क को भी डिफाइन करती है। यह दो प्रकार के होते हैं—

(1) कंडीशनल स्टेटमेंट

(2) लूपिंग स्टेटमेंट ■

प्रश्न 2. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए- **[2×5=10]**

(अ) Java Script को Web document में जोड़ने के पदों को लिखिए।

उत्तर—

वेब डाक्यूमेंट्स में जावास्क्रिप्ट को जोड़ना

(Adding JavaScript to Web Documents)

जावास्क्रिप्ट, जिसे JS भी कहा जाता है, एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जिसका उपयोग वेब डेवलपमेंट में किया जाता है। जावास्क्रिप्ट का उपयोग वेबपेजों को इंटरेक्टिव बनाने और वेब ऐप्स बनाने के लिए किया जाता है। आधुनिक वेब ब्राउजर, जो कॉमन डिस्प्ले स्टैण्डर्ड का पालन करते हैं, अतिरिक्त प्लगइन्स के बिना बिल्ट-इन-इंजन के माध्यम से जावास्क्रिप्ट को सपोर्ट करते हैं। वेब के लिए फाइलों के साथ काम करते समय, जावास्क्रिप्ट को HTML मार्कअप के साथ लोड और रन करना अनिवार्य होता है। यह या तो एक HTML डॉक्यूमेंट में या एक अलग फाइल में इनलाइन किया जा सकता है, जिसे ब्राउजर HTML डाम्यूमेंट्स के साथ डाउनलोड किया जा सकता है।

जावास्क्रिप्ट कैसे जोड़ें?

जावास्क्रिप्ट को HTML में HTML टैग <scripts> का उपयोग करके जोड़ा जा सकता है। <Script> टैग HTML के <head> सेक्शन में, <body> सेक्शन में, या </body> क्लोज टैग के बाद रखा जा सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप जावास्क्रिप्ट को कब लोड करना चाहते हैं। प्राय: जावास्क्रिप्ट कोड डॉक्यूमेंट के <head> सेक्शन के अंदर लिखा जाता है, जिससे की जावास्क्रिप्ट कोड HTML डॉक्यूमेंट के main कंटेंट से बाहर और HTML डॉक्यूमेंट में समाहित रहते हैं।

HTML डॉक्यूमेंट में जावास्क्रिप्ट इन्सर्ट के लिए निम्नलिखित स्टेप्स को फॉलो किया जाता है—

(1) **एक सिंपल टेक्स्ट एडिटर ओपन करें**—MAC पर टेक्स्एडिट और विंडोज पर नोटपैड बेसिक टेक्स्ट एडिटर होते हैं।

(2) **एक HTML ब्लॉक स्टार्ट करें**—HTML टैग्स को सम्मिलित करें, जिसमें <head> और </ head> तथा body और </ body> भी सम्मिलित हो। पेज स्टार्ट करने के लिए आवश्यक सभी टैग सम्मिलित करें, जैसा कि चित्र में दिखाया गया है—

(3) **HTML हेड में स्क्रिप्ट टैग जोड़ें**—ऐसा करने के लिए, एक <script language = 'javascript'> टैग को <head> में इन्सर्ट करें। यह टेक्स्ट एडिटर को बताता है कि आप अपने HTML प्रोग्राम को लिखने के लिए जावास्क्रिप्ट लैंग्वेज का उपयोग करना चाहते हैं।

(4) **जावास्क्रिप्ट फंक्शन का उपयोग करके अन्य स्क्रिप्ट को कॉल करें**—यदि आप जानते है कि स्क्रिप्ट फाइल कहाँ मिल सकती है, स्क्रिप्ट टैग में src = property जोड़ें और जावास्क्रिप्ट फाइल का पूरा वेब एड्रेस सम्मिलित करें।

(5) पूरे HTML डॉक्यूमेंट को लिखने के बाद file बटन पर क्लिक करें, फिर save ऑप्शन पर क्लिक करें। इसके बाद अपनी फाइल को .html एक्सटेंशन के साथ सेव करें।

इस प्रकार, javaScript हमारे html डॉक्यूमेंट में इन्सर्ट हो चुका है। अब पूरी प्रक्रिया का एक उदाहरण के माध्यम से समझते हैं।



प्रश्न 2. (ब) Cyber security की क्या आवश्यकता है?

उत्तर—

साइबर सुरक्षा
(Cyber Security)

साइबर सुरक्षा को कम्प्यूटर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क और डेटा को अनऑथराइज्ड एक्सेस, साइबर क्रिमिनल्स, आतंकवादी समूहों और हैकरों द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आपूर्ति की गई कमजोरियों से बचाने के लिए बनाई गई तकनीको और प्रक्रियाओं के रूप में परिभाषित किया गया है। साइबर सुरक्षा आपके इंटरनेट और नेटवर्क आधारित डिजिटल डिवाइसेज और अनऑथराइज्ड एक्सेस और परिवर्तन से जानकारी को सुरक्षा से संबंधित है। इंटरनेट अब न केवल सूचना का सोर्स है, बल्कि एक ऐसे माध्यम के रूप में भी स्थापित हो गया है, जिसके माध्यम से हम विभिन्न रूपों में अपने उत्पादों का विज्ञापन और बिक्री करते हैं, अपने ग्राहकों और रिटेलर्स के साथ कम्युनिकेट करते हैं और हमारे फाइनेंसियल ट्रांजेक्शन करते हैं। इंटरनेट बहुत सारे लाभ प्रदान करता है और हमें बहुत कम समय में दुनिया भर में न्यूनतम शुल्क और कम मैनुअल प्रयासों में अपने व्यवसाय का विज्ञापन करने का अवसर प्रदान करता है। चूंकि यूजर के व्यवहार को ट्रैक और ट्रेस करने के लिए इंटरनेट का निर्माण कभी नहीं किया गया था। इंटरनेट का निर्माण वास्तव में रिसोर्स शेयर करने के लिए ऑटोनॉमस कम्प्यूटरों को जोड़ने और शोधकर्ताओं के समुदाय को एक कॉमन प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए किया गया था। जैसे-जैसे इंटरनेट का उपयोग लोग भारी संख्या में करने लगे और दूसरी ओर यह साइबर आतंकवादियों और हैकर्स के लिए समान अवसर प्रदान करता है। आतंकवादी संगठन और उनके समर्थक कई

तरह के उद्देश्यों के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे है जैसे कि आतंकवादी उद्देश्य के लिए सूचना एकत्र करना और उसका प्रसार करना, नए आतंकवादियों की भर्ती करना, हमलों को अंजाम देना और आतंकवाद के कृत्यों को प्रेरित करना। इसका उपयोग अक्सर आतंकवादी समूहों के भीतर कम्युनिकेशन को सुविधाजनक बनाने और आतंकवादी उद्देश्यों के लिए जानकारी के कलेक्शन और प्रसार के लिए किया जाता है।

प्रश्न 2. (स) X HTML को समझाइये।

उत्तर—

XHTML

X HTML का मतलब एक्स्टेंसिबल हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज है। यह इंटरनेट के विकास में अगला कदम है। X HTML1.0 X HTML फैमिली में पहला डाक्यूमेंट्स प्रकार है।

X HTML, HTML 4.01 में लगभग कुछ ही अंतर है। यह HTML 4.01 का एक क्लीनर और स्ट्रिक्ट वर्जन है। यदि आप HTML के बारे में पहले ये जानते हैं, तो आपको HTML के इस नवीनतम वर्जन को सीखने के लिए थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वेब डेवलपर्स को HTML से XML में ट्रांजिशन करने में मदद करने के लिए X HTML को वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियाम (W3C) द्वारा विकसित किया गया। आज X HTML में माइग्रेट करके, वेब डेवलपर्स अपने सभी लाभों के साथ XML दुनिया में प्रवेश कर सकते हैं।

डेवलपर्स जो अपनी कंटेट को X HTML 1.0 में माइग्रेट करते हैं, उन्हें निम्नलिखित लाभ मिलते हैं—

(1) एक्सएचटीएमएल DOCUMENTS एक्सएमएल के अनुरूप होते हैं क्योंकि वे आसानी से देखे जाते हैं, संपादित (edit) किए जाते हैं और स्टैण्डर्ड एक्सएमएल टूल्स के साथ मान्य होते हैं।

(2) X HTML डाक्यूमेंट्स मौजूदा ब्राउजरों के साथ-साथ नए ब्राउजरों में पहले की तुलना में बेहतर काम करने के लिए लिखे जा सकते हैं।

(3) X HTML डाक्यूमेंट्स स्क्रिप्ट और ऐपलेट जैसे अनुप्रयोगों का उपयोग कर सकते हैं, जो HTML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल या XML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल पर निर्भर करते हैं।

(4) एक्सएचटीएमएल आपको अधिक सुसंगत, अच्छी तरह से संरचित प्रारूप प्रदान करता है ताकि आपके वेबपेजों को आसानी से वर्तमान और भविष्य के वेब ब्राउजर द्वारा पार्स और संसाधित किया जा सके।

(5) आप लंबे समय में अपने डाक्यूमेंट्स को आसानी से बनाए रख सकते हैं, संपादित (edit) कर सकते हैं, परिवर्तित कर सकते हैं और प्रारूपित कर सकते हैं।

(6) चूंकि X HTML W3C का एक आधिकारिक स्टैण्डर्ड है, इसलिए आपकी वेबसाइट कई ब्राउजरों के साथ अधिक संगत हो जाती है और इसे अधिक सटीक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

(7) X HTML HTML और XML की ताकत को जोड़ती है। इसके अलावा, एक्सएचटीएमएल पेजों को सभी एक्सएमएल सक्षम ब्राउजरों द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

(8) X HTML आपके वेबपेजों के लिए प्रोपर्टीवत्ता स्टैण्डर्ड को परिभाषित करता है और यदि आप इसका अनुसरण करते हैं, तो आपके वेब पेजों को प्रोपर्टीवत्ता वेब पेजों के रूप में गिना जाता है। W3C उन पेजों को उनके प्रोपर्टीवत्ता टिकट के साथ प्रमाणित करता है।

वेब डेवलपर्स और वेब ब्राउजर डिजाइनर लगातार अपने विचारों को नई मार्कअप भाषाओं के माध्यम से व्यक्त करने के नए तरीके सर्च कर रहे हैं। एक्सएमएल में, नए एलीमेन्ट्स या अतिरिक्त एलीमेंन्ट एट्रीब्यूट्स को पेश करना अपेक्षाकृत आसान है। X HTML फैमिली को X HTML मॉड्यूल और तकनीकों के माध्यम से इन एक्सटेंशन को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया जाता है ताकि नए X HTML-अनुरुप मॉड्यूल को विकसित किया जा सके। ये मॉड्यूल कंटेट को विकसित करने और नए यूजर एजेंटों को डिजाइन करने के समय मौजूदा और नई सुविधाओं के संयोजन की अनुमति देते हैं।

[2×5=10]

प्रश्न 3. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

(अ) CSS को विस्तार से समझाइये।

उत्तर–

CSS

एक CSS (कैस्केडिंग स्टाइल शीट) फाइल आपको अपनी वेब साइट HTML content को style से अलग करने की अनुमति देती है। जैसा कि आप हमेशा content को व्यवस्थित करने के लिए अपनी HTML फाइल का उपयोग करते हैं, लेकिन सभी presentation (फॉन्ट, रंग, बैकग्राउंड, बॉर्डर्स, टेक्स्ट फार्मेटिंग, लिंक इफेक्ट) एक CSS के भीतर पूरी की जाती है।

Cascading Style Sheets, CSS, एक साधारण डिजाइन लैंग्वेज है जो वेब pages को आकर्षक बनाने के लिए उपयोग की जाती है। CSS वेब पेज का लुक और फील part को हैंडल करता है। CSS का उपयोग करके आप टेक्स्ट कलर, फॉन्ट स्टाइल, पैराग्राफ स्पेसिंग, कॉलम साइज, बैकग्राउंड इमेज और कलर ले-आउट डिजाइन, अलग-अलग डिसाइसेस के लिए डिस्प्ले में भिन्नता, स्क्रीन साइज तथा अन्य इफेक्ट की वैराइटी को कण्ट्रोल कर सकते हैं।

CSS सीखना और समझना आसान है लेकिन यह एक HTML document की प्रस्तुति पर powerful नियंत्रण प्रदान करता है। आमतौर पर, CSS को मार्कअप भाषाओं HTML या XHTML के साथ जोड़ा जाता है।

CSS W3C (वर्ल्ड वाइट वेब कंसोर्टियम) के भीतर लोगों के एक समूह के माध्यम से बनाया और बनाए रखा जाता है जिसे CSS वर्किंग ग्रुप कहा जाता है। CSS किंग ग्रुप specification नामक दस्तावेज बनाता है। जब एक specifications पर चर्चा की जाती है और आधिकारिक तौर पर W3C सदस्यों द्वारा पुष्टि की जाती है, तो यह एक recommedations बन जाती है। इन ratified specification को recommendation कहा जाता है क्योंकि W3C का लैंग्वेज के एक्चुअल इम्प्लीमेंटेशन का कोई नियंत्रण नहीं है। स्वतंत्र कंपनियाँ और संगठन उस सॉफ्टवेयर का निर्माण करते हैं।

CSS के संस्करण (Versions of CSS)—कैस्केडिंग स्टाइल शीट्स स्तर (CSS1) को दिसंबर 1906 में एक रिकमेन्टेशन में W3C से बाहर आया। इस संस्करण में CSS लैंग्वेज के साथ-साथ सभी HTML टैग्स के लिए एक सरल दृश्य स्वरूपण मॉडल का वर्णन किया गया है।

मई 1998 में CSS2 W3C को रिकमेन्डेशन बन गई और CSS1 का निर्माण किया गया। यह संस्करण media-specify style की शीट जैसे प्रिंटर और aural devices, डाउनलोड करने योग्य फॉन्ट, एलिमेंट पोजिशनिंग और tables को सपोर्ट करता है। ■

प्रश्न 3. (ब) किन्हीं तीन Page formatting tags की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—जब आप अपने Document पेज में Text करते हो तो Text टाइप करने के बाद आप Document पेज को आकर्षित बनाने के लिए उसमें Background कलर देते हो, बॉर्डर का Design डालते हो और Row & Column डालते हो उसको ही Page Formatting कहते है डॉक्यूमेंट पेज में Page Formatting कर देने से हमारा Document एक Design का रूप ले लेता है और हमारा Document पेज आकर्षित करने वाला होता है पेज अच्छा दिने लगता है क्योंकि पेज Page Formatting होने से पेज अंदर टेबल, बैकग्राउंड कलर, बॉर्डर जैसे चीजें होती है। जब तक एक यूजर डॉक्यूमेंट पेज में इनमें से कोई भी इफेक्ट नहीं डालता है जैसे—बैकग्राउंड कलर नहीं देता है, टेबल नहीं बनाता है, पेज बॉर्डर नहीं डालता हैद्ध पेज पर कोई शेप नहीं इन्सर्ट कराता है तब तक डॉक्यूमेंट पेज में Page Formatting नहीं मानी जाती है।

1. Bold Text Format

HTML में Bold Text Define करने के लिए Bold Element का इस्तेमाल किया जाता है। इससे Text अपने पास वाले Text की तुलना में गहरा और मोटा हो जाता है। HTML में Bold Text ऐसे लिखा जाता है।

```
<!DOCTYPE html>
<html>
<head>
<title>Text Formatting Example</title></head>
```

```
<body>
<p>This is Normal Text.</p>
<p><b>This is Bold Text.</b></p>
</body>
</html?
```

Output

This is Normal Text.

This is Bold Text.

2. Strong Text Format : Strong Element से किसी Important (महत्वपूर्ण) शब्द/शब्दांश को Define किया जाता है। Strong Element भी शब्दों को अपने पास वाले शब्दों की तुलना में गहरा और मोटा कर देता है। HTML में Strong Element को इस प्रकार Define किया जाता है।

```
<!DOCTYPE html>
<html>
<head>
<title>Text Formatting Example</title></head>
<body>
<p>This is Normal Text.</p>
<p><strong>This is Important Text.</strong></p>
</body>
</html>
```

Output

This is Normal Text.

This is Important Text.

3. Italic Text Format : HTML Document में शब्दों को तिरछा लिखने के लिए Italic Element का इस्तेमाल किया जाता है। Italic Element शब्दों को अन्य शब्दों की तुलना में थोड़ा *तिरछा* कर देता है। Italic Element को इस प्रकार Define किया जाता है।

```
<!DOCTYPE html>
<html>
<head><title>Text Formatting Example</title></head>
<body>
<p> This is Normal Text.</p>
<p><i>This is Italic Text.</i></p>
</body>
</html>
```

Output

This is Normal Text.

This is Italic Text.

■

प्रश्न 3. (स) Web services से आप क्या समझते हैं?

उत्तर— वेब पेज (Web Page)

यह एक डॉक्यूमेंट होता है जो वेब ब्राउजर जैसे—फायरफॉक्स, गूगल, क्रोम आदि में प्रदर्शित किया जा सकता है। वेब पेज वे होते हैं जो वर्ल्ड वाइड वेब बनाते हैं। ये डॉक्यूमेंट HTML (हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज) में लिखे जाते हैं

और आपके वेब ब्राउजर द्वारा ट्रांसलेट किये जाते हैं। वेब पेज या तो स्टैटिक या डायनामिक हो सकते हैं। स्टेटिक पेज हर बार देखे जाने पर समान कटेंट दिखाते हैं। डायनामिक पेजेज में ऐसे कंटेट होते हैं जो हर बार एक्सेस करने पर बदल सकती है। ये पेज आमतौर पर PHP, पर्ल, ASP या JSP जैसी स्क्रिप्टिंग भाषाओ में लिखे जाते हैं।

वेब सर्विसेज (Web Services)

एक वेब सर्विस ओपन प्रोटोकॉल और स्टैंडर्ड का एक कलेक्शन है जिसका उपयोग एप्लीकेशन या सिस्टम के बीच डेटा के आदान-प्रदान के लिए किया जाता है। विभिन्न प्रोग्रामिंग भाषाओं में लिखे गए सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर चल रहे कम्प्यूटर किसी एक कम्प्यूटर पर इंटर-प्रोसेस कम्यूनिकेशन के समान इंटरनेट जैसे कम्प्यूटर नेटवर्क पर डेटा का आदान-प्रदान करने के लिए वेब सर्विसेज का उपयोग कर सकते हैं। यह इंटरऑपरेबिलिटी (उदाहरण—जावा और पायथन या विंडोज और लिनक्स एप्लिकेशन्स के बीच) ओपेन स्टैंडर्ड के उपयोग के कारण है।

संक्षेप में, एक पूर्ण वेब सर्विस वह होती है, जो—

(1) इंटरनेट या प्राइवेट नेटवर्क पर उपलब्ध होती है।

(2) एक स्टैण्डर्डाइज्ड XML मैसेजिंग सिस्टम का उपयोग करता है।

(3) किसी एक ऑपरेटिंग सिस्टम या प्रोग्रामिंग लैंग्वेज से बंधा नहीं है।

(4) एक सामान्य XML व्याकरण के माध्यम से सेल्फ डिस्क्रिप्टेड है।

(5) एक सिंपल सर्च सिस्टम मैकेनिज्म के माध्यम से सर्च करने योग्य है।

सभी स्टैण्डर्ड वेब सर्विसेज निम्नलिखित कम्पोनेन्ट का उपयोग कर काम करती हैं—

(a) SOAP (सिंपल ऑब्जेक्ट एक्सेस प्रोटोकॉल)

(b) UDDI (यूनिवर्सल डिस्क्रिप्शन, डिस्कवरी एंड इंटीग्रेशन)

(c) WSDL (वेब सर्विस डिस्क्रिप्शन लैंग्वेज)

हम सोलारिस पर एक जावा-आधारित वेव सर्विस का निर्माण कर सकते हैं जो विंडोज पर चलने वाले आपके विजुअल बेसिक प्रोग्राम से एक्सेसिबल होती है।

हम विंडोज पर नई वेब सर्विसेज के निर्माण के लिए C# का भी उपयोग कर सकते हैं जो आपके वेब एप्लिकेशन से इनवॉक की जा सकती हैं जो जावा सर्वर पेज (JSP) पर आधारित है और लिनक्स (linux) पर रन होती है। ■

प्रश्न 4. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए–

(अ) JQuery event methods की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

jQuery इवेंट मेथड
(jQuery Event Methods)

इवेंट साइट विजिटर द्वारा वेबसाइट (या वेबपेज) के साथ उनकी interactivity के दौरान किए गए कार्यों को रिफर करता है। जब यूजर वेब पेज के साथ इंटरेक्ट करता है, तो jQuery इवेंट मेथड एक इवेंट हैडलर रजिस्टर करता है। हम इवेंट हैडलर के रजिस्ट्रेशन के बाद सिलेक्टेड एलीमेन्ट को मैनिपुलेट कर सकते हैं। यह वेब पेज को अधिक डायनामिक बनाता है। प्राय: इवेंट को तीन मुख्य समूहों में वर्गीकृत किया जाता है—

(1) माउस इवेंट (Mouse event)—यूजन द्वारा किसी एलिमेन्ट करने पर, माउस पॉइंटर को स्थानांरित करने आदि पर माउस इवेंट एक्जीक्यूट होता है। माउस इवेंट को हैंडल करने के लिए कुछ सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले jQuery मेथड है।

(2) कीबोर्ड इवेंट (Keyboard event)—यूजर द्वारा कीबोर्ड पर key दबाने या छोड़ने पर एक कीबोर्ड इवेंट एक्जीक्यूट होता है। कीबोर्ड इवेंट को हैंडल करने के लए कुछ सामान्य रूप से उपयोग किए जाने वाले jQuery मेथड हैं।

(3) फॉर्म इवेंट (Form event)—फॉर्म कंट्रोज प्राप्त होने या फोकस खो जाने या जब यूजर फॉर्म कंट्रोल वैल्यू को मोडिफाई करता है जैसे कि टेक्स्ट इनपुट मे टेक्स्ट टाइप करके, किसी सेलेक्ट बॉक्स में कोई भी ऑपशन सेलेक्ट करके आदि पर फॉर्म इवेंट एक्जीक्यूट होता है फॉर्म इवेंट को हैंडल करने के लिए उपयोग किये जाने वाले कुछ सामान्य jQuery मेथड हैं।

प्रश्न 4. (ब) HTML और XHTML में अंतर लिखिए।

उत्तर— HTML और X HTML के बीच का अंतर

(A) X HTML एलिमेंट को ठीक से नेस्टेड होना चाहिए

HTML में, कुछ एलिमेंट के nested का पालन भी अनुचित तरीके से किया जा सकता है—

```
<b><i>this text is bold and italic</b></i>
```

लेकिन, X HTML में सभी ELEMENTS nested होते हैं—

```
<b><i>this text is bold and italic</i></b>
```

(B) X HTML एलिमेंट हमेशा Close होना चाहिए।

X HTML में, एलिमेंट का Closing tag होना चाहिए, साथ ही एम्प्टी एलिमेन्ट का समापन tag भी होना चाहिए। नॉन-एम्प्टी एलिमेन्ट के लिए निम्न कोडिंग त्रुटिपूर्ण है—

```
<p>Gyan Publication, Meerut
<p> G P Technic, Meerut </p>
```

यह कोडिंग इस प्रकार होनी चाहिए—

```
<p>Gyan Publication, Meerut </p>
<p> G P Technic, Meerut </p>
```

खाली एलिमेन्ट के लिए निम्नलिखित कोडिंग त्रुटिपूर्ण है—

```
<h1> Some important books of polytechnic</h1>
1. Data structure using c <br>
2. Web Technology <br>
3. Basic Information of Technology <br>
<hr>
for more information contact 7860111134, 7055447771.
```

यह कोडिंग इस प्रकार होनी चाहिए—

```
<h1> Some important books of polytechnic</h1>
1. Data structure using c <br>
2. Web Technology <br/>
3. Basic Information of Technology<br/>
<hr/>
for more information contact 7860111134, 7055447771.
```

(C) X HTML एलिमेन्ट लोअरकेस में होना चाहिए

X HTML में कोडिंग करते समय, सभी टैग का नाम और एट्रीब्यूट लोअरकेस में होना चाहिए। HTML केस सेंसिटिव लैंग्वेज है लेकिन X HTML नहीं है। वह HTML में कोडिंग का काम करता है, लेकिन X HTML में नहीं।

```
<BODY>
<P>Gyan Publication, Meerut<p>
</BODY>
```

लेकिन X HTML में, इस कोडिंग को इस तरह लिखा जाता है—

```
<body
<p>Gyan Publication, Meerut<p>
</body>
```

(D) एट्रीब्यूट का मान X HTML में quoted किया जाना चाहिए।

X HTML में कोडिंग करते समय, एट्रीब्यूट कि वैल्यू को quoted किया जाना चाहिए। निम्नलिखित कोडिंग HTML में काम करती है, लेकिन X HTML में नहीं—

```
<table width=100%>
Above coding is like this for X HTML.
<table width=100%>
```

■

प्रश्न 4. (स) URL क्या है? विभिन्न प्रकार की Websites की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

यूआरएल
(User Resource Locator)

URL का फुल फॉर्म Uniform Resource Locator होता है जो किसी वेबसाइट या वेबसाइट के पेज को रिप्रेजेंट करता है या आपको किसी वेव पेज तक ले जाता है। यूआरएल इंटरनेट में किसी भी फाइल या वेबसाइट का एड्रेस होता है। URL की शुरुआत Tim Berners Lee ने 1994 में की थी।

किसी वेबसाइट का अद्वितीय नाम या एड्रेस, जिससे उसे इंटरनेट पर जाना, पहचाना और उपयोग किया जाता है, उसका URL कहा जाता है। इसे Uniform Resource Locator भी कहा जाता है। किसी वेब एड्रेस का सामान्य रूप निम्न प्रकार होता है—

उदहारण के लिए: http:/www.gptechnicinstitute.com/home/courses.html

उपरोक्त उदाहरण में, हम समझ सकते हैं कि URL एड्रेस के निम्नलिखित भाग हैं—

(1) प्रोटोकॉल (Protocol)—उपरोक्त उदाहरण में, 'http' का फुल फॉर्म हाइपर टेक्स्ट ट्रांसफर प्रोटोकॉल (Hyper Text Transfer Protocol) है। यह User को इंडीकेट करता है कि http पर ट्रांसमिट होने वाली सभी इनफार्मेशन पूर्णत: एन्क्रिप्टेड तथा सुरक्षित हैं। यूआरएल में http या https लिखने के बाद कोलन (:) तथा दो फॉरवर्ड स्लैश (//) का उपयोग करते हैं जो कि प्रोटोकॉल को शेष यूआरएल से अलग करता है।

(2) WWW (वर्ल्ड वाइड वेब)—WWW का फुल फॉर्म वर्ल्ड वाइड वेब है। इसका उपयोग कंटेट्स में अंतर करने के लिए किया जाता है। यूआरएल का यह भाग ऑप्शनल होता है इसे यूआरएल में लिखने या न लिखने से यूआरएल एड्रेस पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता है। उपरोक्त उदाहरण को इस प्रकार से भी लिखा जा सकता है— 'http://astechnicinstitute. com'। यूआरएल को इस प्रकार से लिखने पर भी हमें वही इनफार्मेशन प्राप्त होगी जो इससे पूर्व हो रही थी। यूआरएल एड्रेस के इस पार्ट को एक महत्वपूर्ण सब पेज द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, जिसे सब डोमेन कहते है।

(3) डोमेन नेम (Domain Name)—उपरोक्त उदाहरण में 'astechnicinstitute.com' डोमेन नेम है। डोमेन नेम का अंतिम हिस्सा डोमेन सफिक्स कहलाता है। इसका उपयोग वेबसाइट के लोकेशन के प्रकार को आइडेंटिफाई करने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए—'.com' commercial website, 'org' organization website के लिए उपयोग किया जाता है। वेबसाइट बनाने के लिए दर्जनों सफिक्स है। डोमेन नेम प्राप्त करने के लिए आपको डोमेन रजिस्टार में डोमेन नेम के लिए रजिस्टर करना पड़ता है तब आपको वेबसाइट के लिए डोमेन नेम प्राप्त होगा।

(4) डायरेक्टरी (Directory)—उपरोक्त उदाहरण में, 'home' एक डायरेक्टरी है जहाँ सर्वर में स्थित सभी वेब पेज उपलब्ध होते हैं।

(5) वास्तविक वेबपेज (Actual Webpage)—उपरोक्त उदाहरण में, 'courses.html' वास्तविक वेब पेज है जिसे हम सर्च रहे हैं।

वेब ब्राउजर
(Web Browser)

एक वेब ब्राउजर, एक प्रोग्राम है जो टेक्स्ट, डेटा, चित्र, वीडियो, एनीमेशन आदि प्रदर्शित करता है। यह एक सॉफ्टवेयर इंटरफेस प्रदान करता है जो आपको वर्ल्ड वाइड वेब पर हाइपरलिंक किए गए रिसोर्सेज पर क्लिक करने की अनुमति देता है। जब आप इसे लॉन्च करने के लिए अपने कम्प्यूटर पर इंस्टॉल किए गए ब्राउजर आइकन पर डबल क्लिक करते हैं, तो आप वर्ल्ड वाइड वेब से कनेक्ट हो जाते हैं।

शुरुआत में, ब्राउजर का उपयोग केवल उनकी सीमित क्षमता के कारण ब्राउज करने के लिए किया जाता था। आज, ब्राउजिंग के साथ-साथ ब्राउजर का उपयोग ई-मेलिंग, मल्टीमीडिया फाइलों को ट्रांसफर करने, सोशल मीडिया साइटों का उपयोग करने और ऑनलाइन Discussion Group में भाग लेने आदि के लिए उपयोग कर सकते हैं। आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले कुछ ब्राउजरों में गूगल क्रोम, मोजिला, फायरफॉक्स, इंटरनेट एक्सप्लोरर और सफारी आदि होते हैं।

प्रश्न 5. निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **[2 × 5 = 10]**

(अ) JSON.

उत्तर— JSON की प्रस्तावना (Introduction of JSON)

JSON का फुल फॉर्म JavaScript Object Notation है, यह lightewight data interchange format है साथ ही language independent भी है। JSON एक आसान Text Based ओपन स्टैण्डर्ड Data Interchange का Formate है। यह पूरी तरह से Independent लैंग्वेज है और इसका अधिकांश भाग Modern Programming भाषाओं के साथ उपयोग किया जा सकता है। JSON Objects Server और Client के बीच डाटा को ट्रांसफर करने के लिए उपयोग किया जाता है।

JSON फाइल्स को .json एक्सटेंशन के साथ सेव किया जाता है JSON का इंटरनेट मीडिया टाइप 'application/json'. है। JSON ऐरे, ऑब्जेक्ट, स्ट्रिंग, नंबर और वैल्यूज को सपोर्ट करता है—

JSON की विशेषताएँ (Properties of JSON)

JSON की अग्र properties इसे एक बहुत ही आदर्श और आसानी से समझा जा सकने वाला data-interchange format बनाती है।

(1) Lightweight—JSON text पर आधारित format है। इसका मतलब यह है कि सिर्फ और सिर्फ text का उपयोग किया जाता है जिससे सर्वर और clients के मध्य डेटा को exchange बहुत ही आसानी से किया जा सकता है।

इसका यही प्रोपर्टी (properties) के कारण कोई भी programming language, इसे आसानी से डेटा फॉर्मेट जैसे उपयोग कर सकती है।

(2) Language independent—JSON object, record, struct, dictionary, hash table, keyed list, associative array, aray, vector, list, sequence जैसे भेजा (सर्वर से और पर) जा सकता है जो हर programming language उपयोग करते हैं।

(3) Easy to understand, read and write—यह text format का उपयोग करता है इसलिए इसे बहुत ही आसानी से कोई भी समझ सकता है और दूसरा कारण यह भी के ये C,C++, C#, Java, JavaScript के syntax को फॉलो करता है इसलिए programmers इसे बहुत ही आसानी से समझ कर उपयोग में ला सकते हैं।

(4) Array, Object, String, Number Whitespnce और Values को सपोर्ट करता है—JSON में डेटा को Array, Object, String, Number whitespace और values के फॉर्म में data exchange करने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। ■

प्रश्न 5. (ब) Control flow statements in Java script.

उत्तर—जावास्क्रिप्ट कण्ट्रोल स्टेटमेंट का प्रयोग किसी भी प्रोग्राम को कण्ट्रोल करने के लिए किया जाता है। किसी भी प्रोग्राम फ्लो में किस स्टेटमेंट को किस कंडीशन के आधार पर एक्सीक्यूट कराना है अथवा कितनी बार एक्सीक्यूट कराना है यह कार्य कण्ट्रोल स्टेटमेंट द्वारा किया जाता है। प्रमुख कण्ट्रोल स्टेटमेंट जैसे if, else, elseif आदि का वर्णन प्रस्तुत है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज में कण्ट्रोल स्अेटमेंट का प्रयोग किसी भी प्रोग्राम को कण्ट्रोल करने के लिए किया जाता है। किसी भी प्रोग्राम फ्लों में किस स्टेटमेंट को किस कंडीशन के आधार पर एक्सीक्यूट कराना है अथवा कितनी बार एक्सीक्यूट कराना है यह कार्य कण्ट्रोल स्टेटमेंट द्वारा किया जाता है। किसी भी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज में कण्ट्रोल स्टेटमेंट का प्रयोग कसी भी प्रोग्राम कोड में दी गई कंडीशन को चेक कर उसमें से किसी एक कंडीशन को सिलेक्ट कर प्रोग्रामकोड को रन करने के लिए किया जाता है। कण्ट्रोल स्टेटमेंट किसी भी कंडीशन को इवैल्यूट (Evaluate) या चेक करते हैं एवं उसके आधार पर निर्णय लेने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। जावास्क्रिप्ट में कण्ट्रोल स्टेटमेंट किसी भी प्रोग्राम कोड को नियंत्रित करने के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

जावास्क्रिप्ट में कण्ट्रोल स्टेटमेंट दो प्रकार के होते हैं :

1. कंडीशनल स्टेटमेंट (Conditional Statements)
2. लूप स्टेटमेंट (Loop Statements) ■

प्रश्न 5. (स) Utilities एवं filters.

उत्तर—Utilities : jQuery में $ namesapce कई उपयोगिता विधियाँ को प्रदान करता है ये विधियाँ नियमित प्रोग्रामिंग कार्यों को पूरा करने के लिए सहायक हैं।

JQuery में कई उपयोगिता फंक्शन प्रदान किए जाते हैं जिनका उपयोग जावास्क्रिप्ट टास्क को आसान बनाने के किए किया जाता है यह jQuery फंक्शंस कोड की कुछ पंक्तियों में कार्य कर सकते हैं, जबकि इसके लिए जावास्क्रिप्ट के साथ कोड और समय की अधिक आवश्यकता होती है।

हमने आपके.प्रोग्रामिंग रूटिन को आसान बनाने के लिए कुछ सामान्य jQuery उपयोगिता विधियों को एक साथ रखा है कृप्या करके नीचे दिए गए उदाहरण को देखों।

$.isArray(Object)

यदि एक ऑरिक्टरी एक ऑरिंज है, तो इसमें सत्य वापस लौटाता है।

```
//Code Starts
var arrFirst = [50, 22, 10, 19, 22, 10];;
var isArry = $.isArray(arrFirst);
//Code Ends
```

Filters : Filter एक criteria or condition होता है। जिसके आधार पर डाटाबेस फाईल में रिकार्डस को सर्च किया जाता है। या इनपुट किया जाता है। इसमें Field के डाटा टाईप के आधार पर condition तैयार की जाती है। टेबिल में फिल्टर लगाने पर डाटा रिकार्ड फिल्टर होकर आ जाते है। इसमें condition बनाने के लिये मेथामेटिकल एंड लॉजिकल दोनों प्रकार के operator का प्रयोग किया जाता है।

जैसे =, C=, >=, <> and, or, not

Example : -city="sagar" इसमें केवल वही रिकार्डस आयेंगे जिनके city field में sagar डाटा होगा। अर्थात् उन्हीं लोगों की लिस्ट शो होगी जो सागर में रहते है।

■■■

पॉलिटेक्निक डिप्लोमा सॉल्वड पेपर्स-2020-21

इंटरनेट एवं वेब टेक्नोलॉजी

(Internet & Web Technology)

Time : 2:30 Hours **Total Marks : 50**

प्रश्न 1. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) परिभाषा लिखिए—

(a) Internet **(b) Browser**

उत्तर—

(a) Internet

इंटरनेट सूचना तकनीक की सबसे आधुनिक प्रणाली है। इंटरनेट को आप विभिन्न कम्प्यूटर नेटवर्कों का एक विश्व स्तरीय समूह (नेटवर्क) कह सकते है। इस नेटवर्क मे हजारों और लाखो कम्प्यूटर एक-दूसरे से कनेक्ट होते हैं। साधारणत: कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइन द्वारा इंटरनेट से कनेक्ट (connect) किया जाता है, लेकिन इसके अतिरिक्त बहुत-से रिसोर्स है, जिसमें कम्प्यूटर नेटवर्क से कनेक्ट हो सकता है।

इंटरनेट किसी एक कंपनी या सरकार के अधीन नही होता है, अपितु इसमें बहुत-से सर्वर (server) कनेक्ट है, जो अलग-अलग संस्थाओं या प्राइवेट कंपनियों के होते हैं। कुछ प्रचलित इंटरनेट सर्विसेज जैसे gopher, फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल, वर्ल्ड वाइड वेब का प्रयोग इंटरनेट में सूचनाएँ प्राप्त करने के लिए किया जाता है। इंटरनेट को हम विश्वव्यापी विज्ञापन का माध्यम कह सकते है। किसी उत्पाद के बारे में विश्व स्तर का सर्वेक्षण करने के लिए यह सबसे आसान एवं सस्ता माध्यम है। विभिन्न जानकारियाँ जैसे रिपोर्ट, लेख, कम्प्यूटर आदि को प्रदर्शित करने का बहुत उपयोगी रिसोर्स है।

इंटरनेट क्लाइंट सर्वर आर्किटेक्चर पर आधारित है जिसमें आपका कम्प्यूटर या मोबाइल, जो इंटरनेट पर मौजूद सूचनाओं का प्रयोग कर रहे है, वो क्लाइंट कहलाते हैं और जहाँ यह सूचना स्टोर होती है उन्हें हम सर्वर कहते है।

प्राय: इंटरनेट पर मौजूद सूचनाओ को देखने के लिए हम वेब ब्राउजर (web browser) का प्रयोग करते है, ये क्लाइन्ट प्रोग्राम होते है तथा हाइपर टेक्स्ट डाक्यूमेंट्स के साथ कम्यूनिकेट करने और उन्हें प्रदर्शित करने मे सक्षम होते हैं। वेब ब्राउजर का उपयोग कर इंटरनेट पर उपलब्ध विभिन्न सर्विसेज का उपयोग कर किया जा सकता है।

(b) Browser

एक वेब ब्राउजर, एक प्रोग्राम है जो टेक्स्ट, डेटा, चित्र, वीडियो, एनीमेशन आदि प्रदर्शित करता है। यह एक सॉफ्टवेयर इंटरफेस प्रदान करता है जो आपको वर्ल्ड वाइड वेब पर हाइपरलिंक किए गए रिसोर्सेज पर क्लिक करने की अनुमति देता है। जब आप इसे लॉन्च करने के लिए अपने कम्प्यूटर पर इंस्टॉल किए गए ब्राउजर आइकन पर डबल क्लिक करते हैं, तो आप वर्ल्ड वाइड वेब से कनेक्ट हो जाते है।

शुरुआत में, ब्राउजर का उपयोग केवल उनकी सीमित क्षमता के कारण ब्राउज करने के लिए किया जाता था। आज, ब्राउजिंग के साथ-साथ ब्राउजर का उपयोग ई-मेलिंग, मल्टीमीडिया फाइलों को ट्रांसफर करने, सोशल मीडिया साइटों का उपयोग करने और ऑनलाइन Discussion Group में भाग लेने आदि के लिए उपयोग कर सकते हैं। आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले कुछ ब्राउजरों में गूगल क्रोम, मोजिला, फायरफॉक्स, इंटरनेट एक्सप्लोरर और सफारी आदि होते हैं।

Chrome

Safari

UC Browser

Firefox

IE

(ब) Responsive website की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

रिस्पॉन्सिव वेबसाइट (Responsive Website)

एक रिस्पॉन्सिव वेबसाइट वह है जिसे साइट को प्रदर्शित करने के लिए विजिटर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली तकनीक और प्रकार के कंप्यूटिंग डिवाइस के आधार पर रिस्पांस या अनुकूलन के लिए डिजाइन किया गया है। यह मूल रूप से एक वेबसाइट डिजाइन है जो बड़े डेस्कटॉप एल०सी०डी० मॉनीटर से स्मार्ट फोन और टेबलेट की छोटी स्क्रीन किसी भी आकार में उपयोग करने पर अच्छा लगेगा। रिस्पॉन्सिव डिजाइन यह सुनिश्चित करता है कि साइट पर आने वाले विजिटर्स को एक समान अनुभव हो जो साइट को देखने के लिए उपयोग किए जाने वाले डिवाइस के आकार से स्वतंत्र हो।

लाभ (Advantages)

रिस्पॉन्सिव एक उत्तरदायी वेबसाइट के निम्नलिखित लाभ हैं—

(1) यह फ्लेक्सिबल होती है।

(2) इससे उत्कृष्ट यूजर अनुभव होता है।

(3) यह लागत प्रभावी है।

(4) यह गूगल द्वारा रेकेमेंडेड है।

(5) इसे मैनेज करना बहुत आसान है।

हानियाँ (Disadvantages)

रिस्पॉन्सिव एक उत्तरदायी वेबसाइट के निम्नलिखित हानियाँ हैं—

(1) नेविगेशन कठिन हो जाता है।

(2) रिस्पॉन्सिव वेबसाइट को छोटे पर्दे पर डाउनलोड करने में अधिक समय लगता है।

(3) सामान्य वेबसाइट डिजाइन रिस्पॉन्सिव वेबसाइट डिजाइन की तुलना में काफी आसान और कम समय की खपत करता है।

(4) एक रिस्पॉन्सिव वेबसाइट मीडिया के प्रश्नों के अनुसार काम करेगी जो उस स्क्रीन के आकार के बारे में जानकारी देती है जिस पर इसे देखा जा रहा है। कई पुराने ब्राउजर ऐसे मीडिया प्रश्नों को सपोर्ट नहीं करते हैं। ■

(स) IT Laws की व्याख्या कीजिये।

उत्तर—

आईटी कानून (IT Laws)

साइबर लॉ जिसे आईटी लॉ भी कहा जाता है, कम्प्यूटर और इंटरनेट सहित सूचना-प्रौद्योगिकी (technology) से संबंधित कानून है। यह कानूनी सूचना विज्ञान से संबंधित है और सूचना, सॉफ्टवेयर, सूचना सुरक्षा और ई-कॉमर्स के डिजिटल सरकुलेशन का सुपर विजन करता है।

आईटी कानून में कानून का एक अलग क्षेत्र शामिल नहीं है, बल्कि यह अनुबंध, Intellecutal property, गोपनीयता और डेटा संरक्षण कानूनों के पहलुओं को घेरता है। Intellectual property आईटी कानून का एक प्रमुख एलीमेंट है। सॉफ्टवेयर लाइसेंस का क्षेत्र विवादास्पद है और अभी भी यूरोप और अन्य जगहों पर विकसित हो रहा हे।

इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार, "साइबर कानून इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेन्ट और ई-फाइलिंग और ई-कॉमर्स ट्रॉंजेकशन का समर्थन करने के लिए एक कानूनी मान्यता देता है और साइबर क्राइम को कम करने, जांच करने के लिए एक कानूनी संरचना भी प्रदान करता है।" ■

प्रश्न 2. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) HML में प्रयुक्त basic tags की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

बेसिक HTML टैग (Basic HTML Tag)

HTML में मूल टैग अग्रलिखित हैं—

<HTML> ..... </HTML> टैग

<HTML> टैग ब्राउजर को बताता है कि यह एक HTML डाक्यूमेंट्स है। <HTML> टैग एक HTML डाक्यूमेंट्स के root को रिप्रेजेंट करता है। <HTML> टैग अन्य सभी HTML एलिमेंट्स के लिए कंटेनर है। यह HTML डॉक्यूमेंट का

पहला और अंतिम टैग है। यदि हम एक HTML डॉक्यूमेंट एक्सीक्यूट करते हैं, जिससे हम केवल <HTML> और </HTML> लिखते हैं, तो वेब ब्राउजर केवल एक खाली पेज दिखाएगा।

सिंटेक्स— <html>
Document element
</html>

<HEAD> ..... </ HEAD> टैग

<head> एलीमेन्ट मेटाडाटा के लिए एक कंटेनर है। डेटा <HTML> टैग और <body> टैग के बीच रखा जाता है। HTML मेटाडेटा HTML डाक्यूमेंट्स के बारे में डेटा होता है। मेटाडेटा प्रदर्शित नहीं किया जाता है। मेटाडेटा आमतौर पर डाक्यूमेंट्स शीर्षक, कैरेक्टर सेट, Style, स्क्रिप्ट और अन्य मेटा जानकारी को परिभाषित करता है। <head> ..... </ head> टैग में, हेडर जानकारी जैसे—DOCUMENTS का शीर्षक आदि लिखा जाता है। आंतरिक सिस्टम के लिए आवश्यक <head> टैग मे लिखी गई जानकारी, यह डाक्यूमेंट्स की कंटेंट से संबंधित नहीं है। <title> टैग की जानकारी के अलावा <head> टैग मे लिखी गई जानकारी वेब ब्राउजर द्वारा लिखी जाती है।

सिंटेक्स— <head>
other element
</head>

<title> ..... </title> टैग

<title> ..... </title> टैग <head> ..... </head> टैग के अंतर्गत लिखा जाता है। प्रत्येक वेब पेज को एक टाइटल की आवश्यकता होती है। इस टैग का उपयोग वेब पेज को टाइटल देने के लिए किया जाता है जो HTML का उपयोग करके बनाया जाता है।

सिंटेक्स— <head>
<title> title of the page </title>
</head>

प्रोग्राम को यह ध्यान में रखना आवश्यक होता कि पेज का टाइटल समझ में आना चाहिए जो उस पेज के कंटेंट की जानकारी दे। वेब पेज का टाइटल छोटा और वर्णनात्मक होना चाहिए।



उपरोक्त उदाहरण में एक HTML डॉक्यूमेंट को नोटपैड एप्लिकेशन का उपयोग करके प्रदर्शित किया गया है। इस डॉक्यूमेंट को title.HTML नाम से सेब किया गया है। जब हम इंटरनेट एक्सप्लोरर का उपयोग करके इस डाक्यूमेंट्स को open करते हैं तो इस पेज का आउटपुट इस प्रकार प्रदर्शित होता है।

<body> ..... </body> टैग

<body> टैग डाक्यूमेंट्स के body को परिभाषित करता है। <Body> एलिमेंट में HTML डॉक्यूमेंट की सभी कंटेंट होती है, जैसे—टेक्स्ट, हाइपरलिंक, इमेज, टेबल, लिस्ट आदि। HTML में <body> टैग का उपयोग HTML पेज के अंदर मौजूद मुख्य कंटेंट को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। यह हमेशा <HTML> टैग के अंदर attach होता है। <Body> टैग <HTML> टैग का अंतिम tag है। एक बॉडी टैग में ओपनिंग के साथ-साथ एक क्लोजिंग टैग होता है।

सिंटेक्स— <body> content of body ..... < / body>

किसी भी वेब पेज के characteristics जैसे—बैकग्राउंड कलर, टेक्स्ट कलर, फॉन्ट साइज, लिंक कलर, एक्टिव लिंक का कलर, विजिट किए गए लिंक का कलर आदि, को <BODY> टैग की एट्रीब्यूट के रूप में निर्धारित किया जा सकता है।



(ब) HTML में प्रयोग होने वाली विभिन्न प्रकार की list की व्याख्या कीजिए और HTML Documents में List कैसे बनाते हैं? इसके प्रकार भी बताइए।

उत्तर— HTML डाक्यूमेंट्स में लिस्ट बनाना (Creating List in HTML Document)

HTML डाक्यूमेंट में एक से अधिक आइटम को आर्गेनाइज करना एक क्रिएटिंग लिस्ट कहलाता है। HTML एक समूह में कई आइटमों को आर्गेनाइज करने और उन्हें वेब पेज पर प्रदर्शित करने के लिए तीन प्रकार के लिस्ट एलीमेन्ट का उपयोग करता है। <OL> Ordered list के लिए <UL> Unordered List के लिए <DL> ..... <DT> ..... <DD> ..... </DL> एलिमेंट को ग्लोसरी लिस्ट के लिए उपयोग किया जाता है। एक ordered list को numbered list भी कहा जाता है। इस प्रकार की लिस्ट में प्रत्येक आइटम की एक क्रम संख्या होती है। एक unordered list और ordered list में प्रत्येक आइटम को <LI> टैग के साथ परिभाषित किया जाता है। Unordered लिस्ट को Bulleted List भी कहा जाता है। इस प्रकार की लिस्ट में प्रत्येक आइटम को बुलेट या किसी अन्य प्रतीक के साथ हाइलाइट किया जाता है। ग्लोसरी लिस्ट को define list भी कहा जाता है। ग्लोसरी लिस्ट के प्रत्येक आइटम में एक शब्द होता है और प्रत्येक शब्द की एक परिभाषा होती है। ग्लोसरी लिस्ट की conditions को <DT> और शब्द की परिभाषा <DD> एलीमेन्ट का उपयोग करके घोषित की जाती है। <LI>, <DD> और <DT> टैग को बंद करने के लिए क्लोजिंग टैग का उपयोग करना अनिवार्य नहीं है। निम्न चित्र तीन प्रकार की लिस्ट दिखात है—

An Ordered List
1. George Washington
2. John Adams
3. Thomas Jefferson
4. James Madison
5. James Monroe

An Unordered List
- Sugar
- Salt
- Milk
- Bread
- Cheese

A Definition List

Algorithm
A mathematical sequence or set of instructions for solving a problem.

Analog
A recording method of that represents the physical properties of images or sound as a continues signal.

Animation
The illusion of visual motion created the rapid projection of still images in two or three-dimensional space.

(स) CSS को किसी Document में कैसे Implement करते हैं? CSS को HTM elements में कैसे जोड़ते हैं?

उत्तर— CSS कार्यान्वयन (Implementation of CSS)

CSS फाइलों को दो कारणों से 'कैस्केडिंग' स्टाइलशीट कहा जाता है। एक स्टाइलशीट कैस्केड कर सकती है, या कई पेजों पर प्रभाव डाल सकती है। इसी तरह, कई CSS फाइलें एक पेज को परिभाषित कर सकती हैं।

आपकी साइट में CSS कमांड को इम्प्लीमेंट करने के तीन तरीके हैं—

(1) इनलाइन स्टाइल्स (Inline Style)—इनलाइन CSS एलीमेंट से अटैच बॉडी सेक्शन में CSS प्रॉपर्टी कंटेन करता है। इस तरह की स्टाइल एट्रीब्यूट का उपयोग करके HTML टैग के भीतर निर्दिष्ट की जाती है।

ऊपर दिए गए उदाहरण में, HTML डॉक्यूमेंट Inline.html के साथ सेव है, इस उदाहरण में CSS को इनलाइन मेथड का उपयोग करके इन्सर्ट किया गया है। जब हम गूगल क्रोम के साथ इस डॉकयमेन्ट को ओपन करते हैं, तो निम्न आउटपुट स्क्रीन पर दिखाया जाता है।



(2) इंटरलाइन स्टाइल्स (Internal Style)—एक एलीमेंट के लिए एक यूनिक एप्लाई करने के लिए इंटरनल स्टाइल का उपयोग किया जा सकता है। इंटरनल स्टाइल का उपयोग करने के लिए, संबंधित एलीमेन्ट में स्टाइल एट्रीब्यूज जोड़ें। स्टाइल एट्रीब्यूट में कोई भी CSS प्रोपर्टी हो सकते हैं। इसका उपयोग तब किया जा सकता है जब किसी सिंगल HTML डॉक्यूमेंट को विशिष्ट रूप से स्टाइल किया जाना चाहिए। CSS नियम सेट हेड सेक्शन में HTML फाइल के अंदर होना चाहिए अर्थात् CSS HTML फाइल के अन्दर एम्बेडेड है।.

(i) आपके द्वारा लिखे जा रहे वेब पेज के हेड सेक्शन में स्टाइल टैग <style type='text/CSS></style> के जरिए प्लेस किया जाता है।

(ii) आपके द्वारा लिखी गई स्टाइल्स का उपयोग करके उस वेब पेज के लिए किया जाएगा जिसका आपने इसमें उपयोग किया था। इंटर्नल स्टाइल्स को 'एंबेडेड स्टाइल' भी कहा जाता है।

(3) एक्सटर्नल स्टाइल्स (External Style)—एक्सटर्नल स्टाइल्स को वेब पेज पर केवल स्टाइल शीट को जोड़कर एक से अधिक पेजों पर लागू किया जा सकता है। एक्सटर्नल CSS में सेपरेट CSS फाइल होती है जो केवल एट्रिब्यूटस (उदाहरण के लिए class, Id, title, ... आदि) की मदद से स्टाइल प्रॉपर्टी कंटेन करती है। .css एक्सटेंशन के साथ एक अलग फाइल में लिखी CSS प्रोपर्टी और लिंग टैग का उपयोग करके HTML डॉक्यूमेंट से जुड़ा होना चाहिए। इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक एलिमेंट के लिए, स्टाइल को केवल एक बार सेट किया जा सकता है और इसे वेब पेजों पर लागू किया जाएगा।

Syntex— <link href="StyleSheetLocation/StyleSheetName.css" rel="stylesheet" type="text/css>



2 × 5 = 10

प्रश्न 3. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(अ) Javascript में प्रयोग किये जाने वाले Data Types की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

जावास्क्रिप्ट में डेटा प्रकार (Data Types in JavaScript)

जावास्क्रिप्ट में जावा या C # जैसी अन्य प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के समान डेटा प्रकार सम्मिलित होते हैं। डेटा प्रकार डेटा की विशेषताओं को इंडीकेट करता है। यह कम्पाइलर को बताता है कि डेटा वैल्यू न्यूमेरिक, अल्फाबेटिक आदि हैं, ताकि यह उचित ऑपरेशन कर सके। जावास्क्रिप्ट में प्रिमिटिव और नॉन-प्रिमिटिय डेटा प्रकार सम्मिलित हैं।

(1) प्रिमिटिव डेटा प्रकार (Primitive Data Types)

(a) String (b) Number
(c) Boolean (d) Undefined
(e) Null

(2) नॉन-प्रिमिटिव डेटा प्रकार (Non-Primitive Data Types)

(a) Object (b) Array
(c) Function

(ब) Javascript में Functions की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये।

उत्तर—

जावास्क्रिप्ट में फंक्शन (Function in Javascript)

फंक्शन एक तरह से कोड का एक समूह होता है। जिसका उपयोग किसी विशेष टास्क को पूरा करने के लिए किया जाता है। इसका उपयोग करके आप समान कोड को बार-बार लिखने की आवश्यकता नहीं होती है। अर्थात् आप एक बार फंक्शन को डिफाइन कर लिया जाता है, और जब भी उस कोड की आवश्यकता होती है तो उसे प्रोग्राम में कॉल कर लिया जाता है।

जावास्क्रिप्ट में फंक्शन डिफाइन करना (Declaring a Javarscript Function)

फंक्शन का निर्माण ओर डिक्लेयरेशन फंक्शन कीवर्ड के द्वारा की जाती हे, किसी फंक्शन के अग्रालिखित तीन भाग होते हैं—

(1) फंक्शन का नाम
(2) उसके पैरामीटर या आर्ग्यूमेंट की सूची, जो फंक्शन करे कॉल करते समय उसको भेजे गए वैल्यूज को स्वीकार करेंगे।
(3) उस फंक्शन को परिभाषित करने वाले जावास्क्रिप्ट के स्टेटमेंट अर्थात् कोड।

सिंटेक्स—
```
function name (parameters)
{
    The body of function;
}
```

जहां function_name उस फंक्शन का नाम है और कोष्ठक में उसके पैरामीटर्स की सूची है जिसके विभिन्न पैरामीटर को कॉमा (,) द्वारा अलग-अलग किया जाता है। फंक्शन का नाम किसी अक्षर से प्रारंभ होना चाहिए उसमें अंडरस्कोर (_) का प्रयोग किया जा सकता है। फंक्शन का नाम केस सेंसिटिव होता है अर्थात् उसमें छोटे और बड़े अक्षरों में अंतर किया जाता है इसलिए उसको कॉल करते समय उसका नाम ठीक वैसा ही दिया जाना चाहिए जैसा उसकी परिभाषा में दिया गया है।

सिंटेक्स—
```
function showMessage()
{
alert ("hello everyone")
}
```

एक फंक्शन डिक्लेयर करने के बाद, यह उपरोक्त उदाहरण जैसा दिखता है।
आइये इसे एक उदाहरण द्वारा समझते हैं—

```
<!DOCTYPE html>
<html>
<head>
```

```
<title>JavaScript</title>
<head>
<body>
<p>Output:</p>
<p id="assig"></p>
<script type="text/javascript">
//This is Function
function func(nmame, message) {
document.write("Hello" + nme+ " " + message);
}
func("GyanPublication," "It is a publication which provide all book text books and study material for polytechnic student");
//Calling The Function and add values
<.script>

<body>
<html>
```

(स) Bootstrap में Bordered Table एवं Condensed table की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

Boardered Table

टेबल और सेल के सभी किनारों पर बॉर्डर के लिए .table-border जोड़ें।

#	First	Last	Handle
1	Mark	Otto	@mdo
2	Jacob	Thornton	@fat
3	Larry the Bird		@twiter

```
<table class="table table-bordered">
  <thead>
    <tr>
      <th scope="col">#</th>
      <th scope="col">First</th>
      <th scope="col">Last</th>
      <th scope="col">Handle</th>
    <tr>
  </thead>
  <tbody>
    </tr>
    <tr>
      <th scope="row">1</th>
      <td>Mark</td>
      <td>Otto</td>
      <td>@mdo</td>
    <./tr>
    <tr>
      <th scope="row">2</th>
      <td>Jacob</td>
      <td>Thornton</td>
      <td>@fat</td>
```

```
    </tr>
    <tr>
      <th scope="row">3</th>
      <td colspan="2">Larry the Bird</td>

      <td>@twitter</td>
    </tr>
  </tbody>
</table>
```

#	First	Last	Handle
1	Mark	Otto	@mdo
2	Jacob	Thornton	@fat
3	Larry the Bird		@twiter

Condensed Table

Syntex—

```
<table class="table table-condensed">
<table class="table table-sm">
```

■

प्रश्न 4. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— **2 × 5 = 10**

(अ) XML Elements क्या हैं? व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

XML Elements

XML डॉक्युमेंट्स के sections को मार्क करने के लिए एलीमेंट्स का उपयोग किया जाता है। XML एलीमेंट का रूप निम्नवत। है—

सिंटेक्स—<ElementName>Content</ElementName>

कंटेट को XML टैग के अंदर लिखा जाता है।

जैसा कि हम जानते हैं कि XML टैग प्राय: कंटेंट को एंक्लोज करते हैं, लेकिन कुछ ऐसे एलीमेंट भी होते है जिनमें कोई कंटेट नहीं होता है, उसे एम्प्टी एलीमेंट कहा जाता है। XML में, एक एम्प्टी एलीमेंट को निम्नानुसार दर्शाया जा सकता है—

<ElementName/>

<ElementName /> XML नोटेशन को कभी-कभी एक सिंगलटन कहा जाता है। HTML में, एम्प्टी टैग को <element name के रूप में दर्शाया जाता है, HTML में एम्प्टी टैग में क्लोजिंग टैग नही होता है।

एक स्टूडेंट रिकॉर्ड में XML डॉक्यूमेंट में निम्न एलीमेंट हो सकते हैं—जैसे StudentName, StudentAge, StudentClass, StudentWeight आदि।

उदाहरण—

```
<StudentName>Rahul Mishra</StudentName>
<StudentAge>20</StudentAge>
<StudentWeight>55</StudentWeight>
```

उपरोक्त उदाहरण में एक XML फाइल प्रदर्शित की गयी है जिसमें StudentName, StudentAge, StudentWeight आदि एलीमेंट है और इनके कंटेंट ओपनिंग तथा क्लोजिंग टैग के बीच लिखा गया है जैसे—Rahul mishra, 20, 55 जो कि क्रमश: student name, student age तथा student weight को प्रदर्शित करता है।

XML एलीमेंट की नेमिंग के लिए निम्नलिखित नियमों का पालन करना आवश्यक है—

(1) एलीमेंट नेम केस सेंसिटिव होते हैं।

(2) एलीमेंट्स नेम को एक अक्षर या अंडरस्कोर से शुरू करना चाहिए।

(3) एलीमेंट नेम xml (या XML, या Xml, आदि) से शुरू नहीं हो सकते।

(4) एलीमेंट्स में अक्षर, अंक, हाइफन, अंडरस्कोर और पीरियड सम्मिलित हो सकते हैं।

(5) एलीमेंट नेम में space नहीं होना चाहिए।

(6) किसी भी नाम का उपयोग किया जा सकता है, कोई शब्द आरक्षित नहीं होता है (एक्सएमएल को छोड़कर)। ■

(ब) JSON Syntax की उदाहरण सहित व्याख्या करें।

उत्तर—

JSON सिंटेक्स (JSON Syntax)

JSON सिंटैक्स basically जावास्क्रिप्ट सिंटैक्स के सबसेट के रूप में कंसीडर किया जाता है; इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होते हैं—

(1) डेटा को name/value जोड़े में दर्शाया जाता है।

(2) curley ब्रैकेट { } ऑब्जेक्ट को होल्ड करता है और प्रत्येक नाम के बाद ':' (कोलन) का उपयोग किया जाता है, name/value pair को अल्पविराम कोमा (,) द्वारा सेपरेट किया जाता है।

(3) Square ब्रैकेट [ ] Ssjs को होल्ड करते हैं और वैल्यूज को अल्पविराम कोमा (,) द्वारा सेपरेट किया जाता है। एक साधारण उदाहरण द्वारा इसे समझा जा सकता है—



JSON निम्नलिखित दो डेटा संरचनाओं को सपोर्ट करता है—

(1) name/value pair का कलेक्शन—यह डेटा स्ट्रक्चर विभिन्न प्रोग्रामिंग लैंग्वेजेज द्वारा सपोर्ट किया जाता है।

(2) वैल्यू की ऑर्डर्ड लिस्ट—इसमे array, list, vector या sequence आदि सम्मिलित हैं। ■

(स) jQuery क्या है? व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

प्रस्तावना (Introduction)

jQuery एक ओपन सोर्स जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है जो HTML/CSS डॉक्यूमेंट, या डॉक्यूमेंट ऑब्जेक्ट मॉडल (DOM) और जावास्क्रिप्ट से इंटरैक्ट करना आसान बनाता है।

अन्य शब्दों में कहा जाये तो हम कह सकते हैं कि jQuery, HTML डॉक्यूमेंट ट्रावर्सिंग और मैनीपुलेशन, ब्राउजर इवेंट हैंडलिंग, होम एनिमेशन, अजाक्स इंटरैक्शन और क्रॉस-ब्राउजर जावास्क्रिप्ट डेवलपमेंट को आसान बनाता है।

HTML और CSS का उपयोग करके एक स्थिर वेब पेज बनाया जाता है। जावास्क्रिप्ट के एक बिट का उपयोग करके इन स्टेटिक वेबसाइट्स को डायनामिक बनाया जाता है। jQuery एक जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' बहुत सारे डायनामिक behaviour प्रदान करता है, जिनका उपयोग करके लेआउट में कुछ रचनात्मक इफेक्ट जोड़े जाते हैं। इस अध्याय में हम jQuery के बारे में अध्ययन करेंगे—

jQuery

jQuery एक हल्का, 'Write less, do more' कांसेप्ट पर आधारित जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है। jQuery का उद्देश्य किसी भी वेबसाइट पर जावास्क्रिप्ट का उपयोग करना आसान बनाना है।

jQuery बहुत सारे कॉमन टास्क करता है जिन्हें पूरा करने के लिए जावास्क्रिप्ट कोड की कई लाइनों की आवश्यकता होती है परन्तु jQuery जावास्क्रिप्ट की सारी लाइन को एक मेथड में wrap कर देता है जिसको एक लाइन लिख कर प्रोग्राम में कॉल किया जा सकता है।

jQuery जावास्क्रिप्ट के बहुत सारे कॉम्पिलकेटेड things जैसे AJAX कॉल और DOM मैनीपुलेशन आदि को भी सरल बनाता है।

jQuery का उपयोग निम्न विशेषताओं के आधार पर किया जाता है—

(1) यह काफी पॉपुलर है और इसे बहुत सारे यूजर्स द्वारा उपयोग किया जाता है तथा बहुत सारे डेवेलपर्स भी इसे उपयोग करना पसंद करते हैं।

(2) इसका उपयोग करके ब्राउजर्स के बीच के अंतर को नॉमलाइज किया जा सकता है।

(3) jQuery से प्लग-इन की स्टोरेज capacity में वृद्धि हुई है।

(4) इसका एपीआई पूरी तरह से डॉक्यूमेंटेड है, जिसमें इनलाइन कोड उदाहरण भी सम्मिलित है, इसी कारण यह जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी की सबसे पॉपुलर लाइब्रेरी है।

(5) यह यूजर फ्रेंडली होता है जो अन्य जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी से होने वाले कॉनफ्लिक्ट्स को अवॉयड करने में मदद करता है।

प्रश्न 5. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) XHTML

उत्तर—

XHTML

X HTML का मतलब एक्स्टेंसिबल हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज है। यह इंटरनेट के विकास में अगला कदम है। X HTML1.0 X HTML फैमिली में पहला डाक्यूमेंट्स प्रकार है।

X HTML, HTML 4.01 में लगभग कुछ ही अंतर है। यह HTML 4.01 का एक क्लीनर और स्ट्रिक्ट वर्जन है। यदि आप HTML के बारे में पहले ये जानते हैं, तो आपको HTML के इस नवीनतम वर्जन को सीखने के लिए थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वेब डेवलपर्स को HTML से XML में ट्रांजिशन करने में मदद करने के लिए X HTML को वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियाम (W3C) द्वारा विकसित किया गया। आज X HTML में माइग्रेट करके, वेब डेवलपर्स अपने सभी लाभों के साथ XML दुनिया में प्रवेश कर सकते हैं।

डेवलपर्स जो अपनी कंटेट को X HTML 1.0 में माइग्रेट करते हैं, उन्हें निम्नलिखित लाभ मिलते हैं—

(1) एक्सएचटीएमएल DOCUMENTS एक्सएमएल के अनुरूप होते हैं क्योंकि वे आसानी से देखे जाते हैं, संपादित (edit) किए जाते हैं और स्टैण्डर्ड एक्सएमएल टूल्स के साथ मान्य होते हैं।

(2) X HTML डाक्यूमेंट्स मौजूदा ब्राउजरों के साथ-साथ नए ब्राउजरों में पहले की तुलना में बेहतर काम करने के लिए लिखे जा सकते हैं।

(3) X HTML डाक्यूमेंट्स स्क्रिप्ट और ऐपलेट जैसे अनुप्रयोगों का उपयोग कर सकते हैं, जो HTML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल या XML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल पर निर्भर करते हैं।

(4) एक्सएचटीएमएल आपको अधिक सुसंगत, अच्छी तरह से संरचित प्रारूप प्रदान करता है ताकि आपके वेबपेजों को आसानी से वर्तमान और भविष्य के वेब ब्राउजर द्वारा पार्स और संसाधित किया जा सके।

(5) आप लंबे समय में अपने डाक्यूमेंट्स को आसानी से बनाए रख सकते हैं, संपादित (edit) कर सकते हैं, परिवर्तित कर सकते हैं और प्रारूपित कर सकते हैं।

(6) चूंकि X HTML W3C का एक आधिकारिक स्टैण्डर्ड है, इसलिए आपकी वेबसाइट कई ब्राउजरों के साथ अधिक संगत हो जाती है और इसे अधिक सटीक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

(7) X HTML HTML और XML की ताकत को जोड़ती है। इसके अलावा, एक्सएचटीएमएल पेजों को सभी एक्सएमएल सक्षम ब्राउजरों द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

(8) X HTML आपके वेबपेजों के लिए प्रोपर्टीवत्ता स्टैण्डर्ड को परिभाषित करता है और यदि आप इसका अनुसरण करते हैं, तो आपके वेब पेजों को प्रोपर्टीवत्ता वेब पेजों के रूप में गिना जाता है। W3C उन पेजों को उनके प्रोपर्टीवत्ता टिकट के साथ प्रमाणित करता है।

वेब डेवलपर्स और वेब ब्राउजर डिजाइनर लगातार अपने विचारों को नई मार्कअप भाषाओं के माध्यम से व्यक्त करने के नए तरीके सर्च कर रहे हैं। एक्सएमएल में, नए एलीमेन्ट्स या अतिरिक्त एलीमेन्ट एट्रीब्यूट्स को पेश करना अपेक्षाकृत आसान है। X HTML फैमिली को X HTML मॉड्यूल और तकनीकों के माध्यम से इन एक्सटेंशन को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया जाता है ताकि नए X HTML-अनुरुप मॉड्यूल को विकसित किया जा सके। ये मॉड्यूल कंटेट को विकसित करने और नए यूजर एजेंटों को डिजाइन करने के समय मौजूदा और नई सुविधाओं के संयोजन की अनुमति देते हैं। ■

▸▸ (ब) Client Server Model

उत्तर— क्लाइंट सर्वर मॉडल (Client-Server Model)

क्लाइंट-सर्वर आर्किटेक्चर (क्लाइंट/सर्वर) एक नेटवर्क आर्किटेक्चर है जिसमें नेटवर्क पर प्रत्येक कम्प्यूटर या तो क्लाइंट या सर्वर होता है जिसमें सर्वर क्लाइंट द्वारा उपभोग किए जाने वाले अधिकांश रिसोर्सेज और सर्विसेज को होस्ट करता है, वितरित (distribute) करता है और मैनेज करता है। इस प्रकार के आर्किटेक्चर में नेटवर्क या इंटरनेट कनेक्शन पर सेन्ट्रल सर्वर से जुड़े एक या अधिक क्लाइंट कम्प्यूटर होते हैं।



क्लाइंट/सर्वर आर्किटेक्चर को नेटवर्किंग कम्प्यूटिंग मॉडल या क्लाइंट/सर्वर नेटवर्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि सभी रिक्वेस्ट और सर्विसेज नेटवर्क पर वितरित की जाती हैं। सर्वर कम्प्यूटर या डिस्क डाइव (फाइल सर्वर), प्रिंटर (प्रिंट सर्वर) या नेटवर्क ट्रैफिक (नेटवर्क सर्वर) के मैनेजमेंट के लिए समर्पित प्रक्रियाएँ हैं। क्लाइंट वह पीसी या वर्कस्टेशन होता है जिन पर यूजर एप्लिकेशन चलाते हैं। क्लाइंट रिसोसेंज के लिए सर्वर पर भरोसा करते हैं, जैसे फाइल, डिवाइस और यहाँ तक कि प्रोसेसिंग पावर।

क्लाइंट (Client)

क्लाइंट एक कम्प्यूटर सिस्टम है जो किसी तरह के नेटवर्क का उपयोग करके अन्य कम्प्यूटरों पर सर्विस एक्सेस करता है। क्लाइंट एक ऐसी प्रक्रिया है जो सर्वर को संदेश भेजता है और सर्वर उस कार्य को पूरा करता है। क्लाइंट प्रोग्राम आमतौर पर एप्लिकेशन के यूजर इंटरफेस हिस्से का मैनेजमेंट करते हैं, क्लाइंट-आधारित प्रक्रिया उस एप्लिकेशन का फ्रंट-एंड है जिसे यूजर देखता है और उससे संपर्क करता है। क्लाइंट प्रक्रिया लोकल रिसोर्सेंज का मैनेजमेंट भी करती है जो यूजर जैसे मॉनीटर कीबोर्ड, वर्कस्टेशन सीपीयू इंटरैक्ट करता है। क्लाइंट वर्कस्टेशन के प्रमुख एलीमेन्टों में से एक ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (Graphical User Interface-GUI) है।

क्लाइंट निम्नलिखित कार्य करता है—

(1) इंटरफेस को हैंडल करना।
(2) User की रिक्वेस्ट को वांछित प्रोटोकॉल में ट्रांसलेट करना।
(3) सर्वर को रिक्वेस्ट सेंड करना।
(4) सर्वर के रिस्पांस की प्रतीक्षा करना।
(5) सर्वर रिस्पांस को इस प्रकार से ट्रांसलेट करना कि वह मानव के पढ़ने योग्य हो।
(6) User को रिजल्ट प्रेंजेट करना।

सर्वर (Server)

क्लाइंट सर्वर आर्किटेक्चर में, सर्वर प्रोसेस एक ऐसा प्रोग्राम है, जो क्लाइंट द्वारा रिक्वेस्ट किये गये कार्य को पूरा करता है। आमतौर पर सर्वर प्रोग्राम क्लाइंट प्रोग्राम से रिक्वेस्ट प्राप्त करता है तथा क्लाइंट को रिस्पॉन्स करता है। सर्वर आधारित प्रोसेस नेटर्वक की दूसरी मशीन पर भी चल सकता है। यह सर्वर होस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम या नेटर्वक फाइल सर्वर हो सकता है। सर्वर को फिर फाइल सिस्टम सर्विसेज तथा एप्लीकेशन प्रदान किया जाता है तथा कुछ स्थितियों में कोई दूसरा डेक्सटॉप मशीन एप्लीकेशन सर्विसेज प्रदान करता है।

सर्वर प्रक्रिया एक सॉफ्टवेयर इंजन के रूप में कार्य करती है जो शेयर रिसोर्सेज जैसे—डेटाबेस, प्रिंटर, कम्युनिकेशन लिंक या उच्च ऑपरेटिंग प्रोसेसर मैनेज करती है। सर्वर प्रक्रिया बैक-एंड कार्यों को एक्सीक्यूट करती है जो सभी एप्लीकेशन के लिए समान होती है।

सर्वर निम्नलिखित कार्य करता है—
(1) क्लाइंट की क्वेरी को रिसीव करना।
(2) क्लाइंट क्वेरी को प्रोसेस करना।
(3) क्लाइंट को रिजल्ट रिटर्न करना।

▸▸ (स) CSS की व्याख्या करें तथा इसके संस्करण भी बताइए।

उत्तर—

CSS

एक CSS (कैस्केडिंग स्टाइल शीट) फाइल आपको अपनी वेब साइट HTML content को style से अलग करने की अनुमति देती है। जैसा कि आप हमेशा content को व्यवस्थित करने के लिए अपनी HTML फाइल का उपयोग करते हैं, लेकिन सभी presentation (फॉन्ट, रंग, बैकग्राउंड, बॉर्डर्स, टेक्स्ट फार्मेटिंग, लिंक इफेक्ट) एक CSS के भीतर पूरी की जाती है।

Cascading Style Sheets, CSS, एक साधारण डिजाइन लैंग्वेज है जो वेब pages को आकर्षक बनाने के लिए उपयोग की जाती है। CSS वेब पेज का लुक और फील part को हैंडल करता है। CSS का उपयोग करके आप टेक्स्ट कलर, फॉन्ट स्टाइल, पैराग्राफ स्पेसिंग, कॉलम साइज, बैकग्राउंड इमेज और कलर ले-आउट डिजाइन, अलग-अलग डिसाइसेस के लिए डिस्प्ले में भिन्नता, स्क्रीन साइज तथा अन्य इफेक्ट की वैराइटी को कण्ट्रोल कर सकते हैं।

CSS सीखना और समझना आसान है लेकिन यह एक HTML document की प्रस्तुति पर powerful नियंत्रण प्रदान करता है। आमतौर पर, CSS को मार्कअप भाषाओं HTML या XHTML के साथ जोड़ा जाता है।

CSS W3C (वर्ल्ड वाइट वेब कंसोर्टियम) के भीतर लोगों के एक समूह के माध्यम से बनाया और बनाए रखा जाता है जिसे CSS वर्किंग ग्रुप कहा जाता है। CSS किंग ग्रुप specification नामक दस्तावेज बनाता है। जब एक specifications पर चर्चा की जाती है और आधिकारिक तौर पर W3C सदस्यों द्वारा पुष्टि की जाती है, तो यह एक recommedations बन जाती है। इन ratified specification को recommendation कहा जाता है क्योकि W3C का लैंग्वेज के एक्चुअल इम्लीमेंटेशन का कोई नियंत्रण नहीं है। स्वतंत्र कंपनियाँ और संगठन उस सॉफ्टवेयर का निर्माण करते हैं।

CSS के संस्करण (Versions of CSS)—कैस्केडिंग स्टाइल शीट्स स्तर (CSS1) को दिसंबर 1906 में एक रिकमेन्टेशन में W3C से बाहर आया। इस संस्करण में CSS लैंग्वेज के साथ-साथ सभी HTML टैग्स के लिए एक सरल दृश्य स्वरूपण मॉडल का वर्णन किया गया है।

मई 1998 में CSS2 W3C को रिकमेन्डेशन बन गई और CSS1 का निर्माण किया गया। यह संस्करण media-specify style की शीट जैसे प्रिंटर और aural devices, डाउनलोड करने योग्य फॉन्ट, एलिमेंट पोजिशनिंग और tables को सपोर्ट करता है।

पॉलिटेक्निक डिप्लोमा सॉल्वड सैम्पल पेपर्स-1
इंटरनेट एवं वेब टेक्नोलॉजी
(Internet & Web Technology)

Time : 2:30 Hours **Total Marks : 50**

प्रश्न 1. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) इंटरनेट क्या है? समझाइए।

उत्तर—

इंटरनेट
(Internet)

इंटरनेट सूचना तकनीक की सबसे आधुनिक प्रणाली है। इंटरनेट को आप विभिन्न कम्प्यूटर नेटवर्कों का एक विश्व स्तरीय समूह (नेटवर्क) कह सकते हैं। इस नेटवर्क में हजारों और लाखों कम्प्यूटर एक-दूसरे से कनेक्ट होते हैं। साधारणत: कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइन द्वारा इंटरनेट से कनेक्ट (connect) किया जाता है, लेकिन इसके अतिरिक्त बहुत-से रिसोर्स हैं, जिसमें कम्प्यूटर नेटवर्क से कनेक्ट हो सकता है।

इंटरनेट किसी एक कंपनी या सरकार के अधीन नहीं होता है, अपितु इसमें बहुत-से सर्वर (server) कनेक्ट हैं, जो अलग-अलग संस्थाओं या प्राइवेट कंपनियों के होते हैं। कुछ प्रचलित इंटरनेट सर्विसेज जैसे gopher, फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल, वर्ल्ड वाइड वेब का प्रयोग इंटरनेट में सूचनाएँ प्राप्त करने के लिए किया जाता है। इंटरनेट को हम विश्वव्यापी विज्ञापन का माध्यम कह सकते हैं। किसी उत्पाद के बारे में विश्व स्तर का सर्वेक्षण करने के लिए यह सबसे आसान एवं सस्ता माध्यम है। विभिन्न जानकारियाँ जैसे रिपोर्ट, लेख, कम्प्यूटर आदि को प्रदर्शित करने का बहुत उपयोगी रिसोर्स है।

इंटरनेट क्लाइंट सर्वर आर्किटेक्चर पर आधारित है जिसमें आपका कम्प्यूटर या मोबाइल, जो इंटरनेट पर मौजूद सूचनाओं का प्रयोग कर रहे हैं, वो क्लाइंट कहलाते हैं और जहाँ यह सूचना स्टोर होती है उन्हें हम सर्वर कहते हैं।

प्राय: इंटरनेट पर मौजूद सूचनाओं को देखने के लिए हम वेब ब्राउजर (web browser) का प्रयोग करते हैं, ये क्लाइन्ट प्रोग्राम होते हैं तथा हाइपर टेक्स्ट डाक्यूमेंट्स के साथ कम्यूनिकेट करने और उन्हें प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं। वेब ब्राउजर का उपयोग कर इंटरनेट पर उपलब्ध विभिन्न सर्विसेज का उपयोग कर किया जा सकता है। ■

(ब) लोकल एरिया नेटवर्क को चित्र सहित बताये?

उत्तर—

लोकल एरिया नेटवर्क
(LAN)

इसका पूरा नाम Local Area Network है यह एक ऐसा नेटवर्क है जिसका प्रयोग दो या दो से अधिक कम्प्यूटर को कनेक्ट करने के लिए किया जाता है। लोकल एरिया नेटवर्क स्थानीय (local) स्तर पर काम करने वाला नेटवर्क है इसे संक्षेप में LAN कहा जाता है। यह एक ऐसा कम्प्यूटर नेटवर्क है जो लोकल एरिया जैसे—घर, कार्यालय या बिल्डिंग को कवर करता है।

विशेषतायें

(1) यह एक कमरे या एक बिल्डिंग तक सीमित रहता है।
(2) इसकी डाटा हस्तांतरित (data transfer) स्पीड अधिक होती है।
(3) इसमें बाहरी नेटवर्क को किराये पर नहीं लेना पड़ता है।
(4) इसमें डाटा सुरक्षित रहता है।
(5) इसमें डाटा को व्यवस्थित (arrange) करना आसान होता है।



(स) साइबर कानून के लाभ लिखिए।

उत्तर—

साइबर कानून के लाभ
(Advantage of Cyber Law)

(1) संगठन अब अधिनियम द्वारा प्रदान किए गए कानूनी बुनियादी ढांचे का उपयोग करके ई-कॉमर्स करने मे सक्षम है।

(2) डिजिटल हस्ताक्षरों को कानून में वैधता और मंजूरी दी गई है।

(3) इसने प्रमाणित प्राधिकारी होने के व्यवसाय मे डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कॉर्पोरेट कंपनियों के प्रवेश के द्वार खोल दिए है।

(4) यह सरकार को वेब पर अधिसूचना जारी करने की अनुमति देता है जिससे ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा सके।

(5) यह कंपनियों या संगठनों को किसी भी कार्यालय, प्राधिकरण, निकाय या एजेंसी के पास किसी भी रूप, आवेदन या किसी अन्य दस्तावेज को दर्ज करने का अधिकार देता है, जो उपयुक्त सरकार द्वारा ई-फॉर्म के माध्यम से स्वामित्व या निर्यक्त किया जा सकता है जैसे कि ई-प्रपत्र द्वारा निर्धारित किया जा सकता है। उपयुक्त सरकार।

(6) आईटी अधिनियम सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों को भी संबोधित करता है, जो इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजेक्शन की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रश्न 2. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ HTML के बारे में बताइए तथा इसके संस्करणन भी समझाइए।

उत्तर—

HTML

HTML के बिना वेब पेज और वर्ल्ड वाइड वेब की कल्पना करना असंभव है। HTML का फुल फॉर्म हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज होता है। HTML वेब पेज बनाने के लिए एकमात्र मार्कअप लैंग्वेज है। यह HTML डॉक्यूमेंट में टेक्स्ट-आधारित जानकारी की संरचना का वर्णन करने के लिए कुछ शीर्षक, पैराग्राफ, सूचियाँ, टेबल, एम्बेडेड चित्र आदि प्रदान करता है। इसलिए, मूल रूप से, HTML वेब पेजों के कंटेंट को प्रदर्शित करने के लिए एक संरचनात्मक फॉर्मेट प्रदान करता है। यह लैंग्वेज बहुत सरल और समझने में आसान है। HTML को 1990 में टिम बर्नर ली द्वारा विकसित किया गया HTML का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक documents (जिन्हे पेज कहा जाता है) बनाने के लिए किया जाता है, जो कि www पर

प्रदर्शित होते हैं। प्रत्येक पेज में हाइपरलिंक नामक अन्य पेजों से कनेक्शनों की एक शृंखला होती है। इंटरनेट पर आपके द्वारा देखा गया प्रत्येक वेब पेज HTML कोड या किसी अन्य वर्जन का उपयोग करके लिखा जाता है।

HTML के संस्करण (Version of HTML)

HTML एक बहुत विकसित मार्कअप लैंग्वेज है और विभिन्न संस्करणों (versions) को अपडेट करके विकसित हुई है। इसके संशोधित स्टैंडर्ड्स और स्पेसिफिकेशन वाले प्रत्येक संस्करण ने अपने यूजर्स को बहुत आसान और सुंदर तरीके से वेब पेज बनाने की अनुमति देते हैं और साइटों को एफिसिएंट बनाता है।

(1) HTML 1.0 को 1993 में सूचनाओं को शेयर करने के उद्देश्य से जारी किया गया था, जिसे वेब ब्राउजरों के माध्यम से पठनीय और सुलभ बनाया जा सकता है। लेकिन बहुत से डेवलपर्स वेबसाइट बनाने में शामिल नहीं थे। इसलिए लैंग्वेज भी नहीं बढ़ रही थी।

(2) फिर आया HTML 2.0, जिसे 1995 में प्रकाशित किया गया; जिसमें HTML की सभी सुविधाएँ सम्मिलित हैं, साथ ही साथ कुछ अतिरिक्त सुविधाएँ भी; जो जनवरी 1997 तक वेबसाइट्स को डिजाइन करने और बनाने के लिए स्टैण्डर्ड मार्कअप लैंग्वेज के रूप में रहा और HTML की विभिन्न मुख्य एट्रीब्यूट्स को परिष्कृत किया।

(3) इसके बाद HTML 3.0 आया, जिसे डेव रैगट (dave ragget) द्वारा विकसित किया गया। इस HTML की इम्प्रूव्ड नई atributes इंक्लूड थी, जिससे वेब पेज डिजाइन करने में बेबमास्टर्स के लिए और अधिक पावरफुल attributes दी गई। लेकिन नए HTML की इन पावरफुल एट्रीब्यूट्स ने आगे के सुधारों को लागू करने में ब्राउजर को धीमा कर दिया।

(4) फिर HTML 4.01 आया जो सामान्यतः उपयोग किया जाता है, जो HTML 5.0, जो वर्तमान में जारी किया गया है, से पहले HTML का एक सफल संस्करण था और दुनिया भर में उपयोग किया गया है। HTML 4.01 का विस्तारित संस्करण है जो वर्ष 2012 में प्रकाशित हुआ था।

HTML की विशेषताएँ (Characteristies of HTML)

जैसा कि हमने HTML और उसके संस्करण के परिचय के बारे मे अध्ययन किया है। HTML की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) HTML सबसे सरल लैंग्वेज है जिसे आसानी से समझा और संशोधित किया जा सकता है।

(2) यह वेब पेजों को डिजाइन करने की सुविधा देता है जिससे कि वेब पेजों में सभी लिस्टेड डाक्यूमेंट्स के लिए स्ट्रक्चर्ड डिस्प्ले संभव हो सके।

(3) Formatting टैग का उपयोग वेब पोर्टल में इफेक्टिव प्रेजेंटेशन के लिए किया जा सकता है और यह HTML के कारण संभव हो सकता है।

(4) वेब पेज पर कई लिंक जोड़े जा सकते हैं जिससे user लिस्टेड लिंक का उपयोग करके आसानी से अन्य पेजों पर एक्सेस कर सकता है।

(5) HTML के लिए सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि यह macintosh, windows और linux में प्रदर्शित किया जा सकता है और सभी environments का समर्थन कर सकता है। HTML प्लेटफॉर्म इंडिपेंडेट है।

(6) हमारे वेब पेजों में आकर्षक लुक के लिए, HTML में साउंड, ग्राफिक्स और वीडियो भी जोड़े जा सकते हैं। ■

(ब) HTML और X HTML के बीच का अंतर संक्षेप में बताइए।

उत्तर—

HTML और X HTML के बीच का अंतर

(A) X HTML एलिमेंट को ठीक से नेस्टेड होना चाहिए

HTML में, कुछ एलिमेंट के nested का पालन भी अनुचित तरीके से किया जा सकता है—

```
<b><i>this text is bold and italic</b></i>
```

लेकिन, X HTML में सभी ELEMENTS nested होते हैं—

```
<b><i>this text is bold and italic</i></b>
```

(B) X HTML एलिमेंट हमेशा Close होना चाहिए।

X HTML में, एलिमेंट का Closing tag होना चाहिए, साथ ही एम्प्टी एलिमेन्ट का समापन tag भी होना चाहिए। नॉन-एम्प्टी एलिमेन्ट के लिए निम्न कोडिंग त्रुटिपूर्ण है—

```
<p>Gyan Publication, Meerut
<p> G P Technic, Meerut </p>
```

यह कोडिंग इस प्रकार होनी चाहिए—

```
<p>Gyan Publication, Meerut </p>
<p> G P Technic, Meerut </p>
```

खाली एलिमेन्ट के लिए निम्नलिखित कोडिंग त्रुटिपूर्ण है—

```
<h1> Some important books of polytechnic</h1>
1. Data structure using c <br>
2. Web Technology <br>
3. Basic Information of Technology <br>
<hr>
for more information contact 7860111134, 7055447771.
```

यह कोडिंग इस प्रकार होनी चाहिए—

```
<h1> Some important books of polytechnic</h1>
1. Data structure using c <br>
2. Web Technology <br/>
3. Basic Information of Technology<br/>
<hr/>
for more information contact 7860111134, 7055447771.
```

(C) X HTML एलिमेन्ट लोअरकेस में होना चाहिए

X HTML में कोडिंग करते समय, सभी टैग का नाम और एट्रीब्यूट लोअरकेस में होना चाहिए। HTML केस सेंसिटिव लैंग्वेज है लेकिन X HTML नहीं है। वह HTML में कोडिंग का काम करता है, लेकिन X HTML में नहीं।

```
<BODY>
<P>Gyan Publication, Meerut<p>
</BODY>
```

लेकिन X HTML में, इस कोडिंग को इस तरह लिखा जाता है—

```
<body
<p>Gyan Publication, Meerut<p>
</body>
```

(D) एट्रीब्यूट का मान X HTML में quoted किया जाना चाहिए।

X HTML में कोडिंग करते समय, एट्रीब्यूट कि वैल्यू को quoted किया जाना चाहिए। निम्नलिखित कोडिंग HTML में काम करती है, लेकिन X HTML में नहीं—

```
<table width=100%>
Above coding is like this for X HTML.
<table width=100%>
```

▸▸ (स) बेसिक HTML टैग की व्याख्या करें।

उत्तर—

बेसिक HTML टैग
(Basic HTML Tag)

HTML में मूल टैग अग्रलिखित हैं—

<HTML> ..... </HTML> टैग

<HTML> टैग ब्राउजर को बताता है कि यह एक HTML डाक्यूमेंट्स है। <HTML> टैग एक HTML डाक्यूमेंट्स के root को रिप्रेजेंट करता है। <HTML> टैग अन्य सभी HTML एलिमेंट्स के लिए कंटेनर है। यह HTML डॉक्यूमेंट का पहला और अंतिम टैग है। यदि हम एक HTML डॉक्यूमेंट एक्सीक्यूट करते हैं, जिससे हम केवल <HTML> और </HTML> लिखते हैं, तो वेब ब्राउजर केवल एक खाली पेज दिखाएगा।

सिंटेक्स— <html>
Document element
</html>

<HEAD> ..... </ HEAD> टैग

<head> एलीमेन्ट मेटाडाटा के लिए एक कंटेनर है। डेटा <HTML> टैग और <body> टैग के बीच रखा जाता है। HTML मेटाडेटा HTML डाक्यूमेंट्स के बारे में डेटा होता है। मेटाडेटा प्रदर्शित नहीं किया जाता है। मेटाडेटा आमतौर पर डाक्यूमेंट्स शीर्षक, कैरेक्टर सेट, Style, स्क्रिप्ट और अन्य मेटा जानकारी को परिभाषित करता है। <head> ... ... </ head> टैग में, हेडर जानकारी जैसे—DOCUMENTS का शीर्षक आदि लिखा जाता है। आंतरिक सिस्टम के लिए आवश्यक <head> टैग में लिखी गई जानकारी, यह डाक्यूमेंट्स की कंटेंट से संबंधित नहीं है। <title> टैग की जानकारी के अलावा <head> टैग में लिखी गई जानकारी वेब ब्राउजर द्वारा लिखी जाती है।

सिंटेक्स— <head>
other element
</head>

<title> ..... </title> टैग

<title> ..... </title> टैग <head> ..... </head> टैग के अंतर्गत लिखा जाता है। प्रत्येक वेब पेज को एक टाइटल की आवश्यकता होती है। इस टैग का उपयोग वेब पेज को टाइटल देने के लिए किया जाता है जो HTML का उपयोग करके बनाया जाता है।

सिंटेक्स— <head>
<title> title of the page </title>
</head>

प्रोग्राम को यह ध्यान में रखना आवश्यक होता कि पेज का टाइटल समझ में आना चाहिए जो उस पेज के कंटेंट की जानकारी दे। वेब पेज का टाइटल छोटा और वर्णनात्मक होना चाहिए।



उपरोक्त उदाहरण में एक HTML डॉक्यूमेंट को नोटपैड एप्लिकेशन का उपयोग करके प्रदर्शित किया गया है। इस डॉक्यूमेंट को title.HTML नाम से सेब किया गया है। जब हम इंटरनेट एक्सप्लोरर का उपयोग करके इस डाक्यूमेंट्स को open करते हैं तो इस पेज का आउटपुट इस प्रकार प्रदर्शित होता है।

<body> ..... </body> टैग

<body> टैग डाक्यूमेंट्स के body को परिभाषित करता है। <Body> एलिमेन्ट में HTML डॉक्यूमेंट की सभी कंटेंट होती है, जैसे—टेक्स्ट, हाइपरलिंक, इमेज, टेबल, लिस्ट आदि। HTML में <body> टैग का उपयोग HTML पेज के अंदर

मौजूद मुख्य कंटेंट को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। यह हमेशा <HTML> टैग के अंदर attach होता है। <Body> टैग <HTML> टैग का अंतिम tag है। एक बॉडी टैग में ओपनिंग के साथ-साथ एक क्लोजिंग टैग होता है।

सिंटेक्स— <body> content of body ..... < / body>

किसी भी वेब पेज के characteristics जैसे—बैकग्राउंड कलर, टेक्स्ट कलर, फॉन्ट साइज, लिंक कलर, एक्टिव लिंक का कलर, विजिट किए गए लिंक का कलर आदि, को <BODY> टैग की एट्रीब्यूट के रूप में निर्धारित किया जा सकता है।



प्रश्न 3. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) CSS सिंटैक्स को समझाइए।

उत्तर—

CSS सिंटैक्स (CSS Syntax)

एक CSS में स्टाइल नियम शामिल होते हैं जो ब्राउजर द्वारा एक्सप्लेन किए जाते हैं और फिर आपके डॉक्यूमेंट में संबंधित एलीमेंट्स पर लागू होते हैं। एक स्टाइल नियम तीन भागों से बना है—

(1) Selector—एक selector एक HTML टैग है जिस पर एक स्टाइल लागू की जाएगी। यह कोई भी टैग हो सकता है जैसे <hl> या <table> आदि।

(2) Property—एक property HTML टैग की एट्रीब्यूट का एक प्रकार है। सीधे शब्दों में कहें, सभी HTML एट्रीब्यूट्स CSS प्रोपर्टीज में परिवर्तित हो जाती है। वे colour, border आदि हो सकते हैं।

(3) Value—Value प्रोपर्टीज को असाइन किया गया है। उदाहरण के लिए, color प्रोपर्टी की वैल्यू लाल या # F1F1F1 आदि हो सकता है।

आप CSS स्टाइल नियम सिंटैक्स को इस प्रकार लिख सकते हैं—

Syntax selector {property : value}—

उदाहरण—निम्नलिखित उदाहरण में, हम टेबल के बॉर्डर को इस प्रकार परिभाषित कर सकते हैं—

table {border : 1 px solid #C00;ue

यहाँ table एक सिलेक्टर है और boarder एक property है और 1px, solid, # C00 property के दिए गए वैल्यू है।



(ब) CSS ID सिलेक्टर उदाहरण सहित बताइए।

उत्तर—

CSS ID सिलेक्टर (CSS ID Selector)

CSS ID सिलेक्टर HTML किसी विशेष एलीमेन्ट का चयन करने के लिए। एलीमेंट की आईडी एट्रीब्यूट का चयन करता है। एक पेज में आईडी हमेशा अद्वितीय होती है, इसलिए आईडी का उपयोग किसी सिंगल अद्वितीय एलीमेन्ट का चयन

करने के लिए किया जाता है। HTML एलिमेंट को आईडी को इसे उपयोग करने के लिए हैश कैरेक्टर (#) के बाद लिखा जाता है।



उपरोक्त उदाहरण में, हम पैरा 1 आईडी का उपयोग करते हैं। जब हम इंटरनेट एक्सप्लोरर में इस डॉक्यूमेंट को ओपन करते हैं, तो निम्न आउटपुट स्क्रीन पर दिखाया जाता है—



उपरोक्त आउटपुट में आपने देखा कि केवल वह टेक्स्ट सेंटर अलाइन और नीले रंग में दिखाया जाता है जिसका पैरा टैग आईडी चुना गया है। वह पैरा टैग जिसमें आईडी का चयन नहीं किया गया है। वह पैराग्राफ सेंटर अलाइन और नीले रंग में दिखाई नहीं दे रहा है। ■

(स) विजिटेड Pseudo क्लास को उदाहरण सहित बताएँ।

उत्तर—

विजिटेड छद्म क्लास (Visited Pseudo Class)

इस छद्म क्लास का उपयोग उन लिंक्स को चुनने के लिए किया जाता है जो पहले से ही यूजर द्वारा देखे जा चुके हैं। निम्नलिखित उदाहरण में, लिंक का रंग एक बार देखने के बाद बदल जाता है—

```
</style>
</head>

<body>
  <h1>GYAN PUBLICATION, MEERUT</h1>
```

```
<h2>focus Pseudo-class</h2>
<form>
    <label for>="username'>Username:</label>
    <input type="text" name="username"
        placeholder="Enter your username" />

    <label for>="emailid'>Email-ID:</label>
    <input type="email" name="emailid"
        placeholder="Enter your Email-id" />

    <label for>="pasword'>Password:</label>
    <input type="password" name="Password"
        placeholder="Enter your password" />
</form>
</body>
</html>
```

गूगल क्रोम में इसे ओपन करने पर हमें निम्न आउटपुट प्राप्त होता है—



प्रश्न 4. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) DOM के लेवल की व्याख्या करें।

उत्तर—

DOM के लेवल
(Levels of DOM)

(1) लेवल 0—इंटरफेस के निम्न-स्तरीय सेट प्रदान करता है।

(2) लेवल 1—DOM लेवल 1 को दो भागों में वर्णित किया जा सकता है—कोर और एचटीएमएल।

- कोर एक निम्न-स्तरीय इंटरफेस प्रदान करता है जिसका उपयोग किसी भी structured document का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जा सकता है।
- HTML उच्च-स्तरीय इंटरफेस प्रदान करता है जिसका उपयोग HTML document का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जा सकता है।

(3) लेवल 2—छह specification होते हैं—CORE2, VIEWS, EVENT'S, style, TRAVERSAL और RANGE।

- **Core 2**—डोम लेवल 1 द्वारा निर्दिष्ट कोर की कार्यक्षमता का विस्तार करता है।
- **Views**—प्रोग्राम्स को dynamically एक्सेस करने तथा डाक्यूमेंट्स के कंटेंट को manipulate करने की अनुमति प्रदान करता है।
- **Events**—ईवेंट वे स्क्रिप्ट्स हैं जो ब्राउजर द्वारा एक्सीक्यूट की जाती है जब यूजर वेब पेज पर रियेक्ट करता है।
- **Style**—प्रोग्राम्स को dynamically एक्सेस करने तथा स्टाइल शीट के कंटेंट को manipulate करने की अनुमति प्रदान करता है।

- **Traversal**—प्रोग्राम्स को dynamically डाक्यूमेंट्स को traveres करने की अनुमति प्रदान करता है।
- **Range**—प्रोग्राम्स को डाक्यूमेंट्स में कंटेट की एक range को dynamically पहचानने की अनुमति देता है।

(4) लेवल 3—पाँच अलग-अलग स्पेसिफिकेशन होते हैं—Core 3, Load और Save, Validation, Event और XPATH।

- **Core 3**—डोम लेवल 2 द्वारा निर्दिष्ट कोर की कार्यक्षमता का विस्तार करता है।
- LOAD और SAVE प्रोग्राम को dynamically XML डाक्यूमेंट्स के कंटेट को DOM डाक्यूमेंट्स में लोड करने और DOM दस्तावेज को क्रमांकन द्वारा XML दस्तावेज में save करने की अनुमति देता है।
- **Validation**—डाक्यूमेंट्स को valid बनाए रखने के दौरान program को document के कंटेंट और स्ट्रक्चर को dynamically अपडेट करने की अनुमति देता है।
- **Events**—डोम लेवल 2 द्वारा निर्दिष्ट events की कार्यक्षमता का विस्तार करता है।
- **XPATH**—XPATH एक path लैंग्वेज है जिसका उपयोग DOM ट्री तक पहुँचने के लिए किया जा सकता है। ■

(ब) जावास्क्रिप्ट में कितने ऑपरेटर होते हैं तथा अर्थमेटिक ऑपरेटर की व्याख्या करें।

उत्तर—

जावास्क्रिप्ट में ऑपरेटर
(Operator in JavaScript)

जावास्क्रिप्ट में अन्य लैंग्वेज की तरह ऑपरेटर भी सम्मिलित हैं। एक ऑपरेटर सिंगल या अधिक ऑपरेंड (डेटा मान) पर कुछ ऑपरेशन करता है और एक रिजल्ट देता है। उदाहरण के लिए 1 + 2, जहाँ + साइन एक ऑपरेटर है और 1 लेफ्ट ऑपरेंड है और 2 राइट ऑपरेंड होता है। + ऑपरेटर दो संख्यात्मक मान जोड़ता है और एक रिजल्ट उत्पन्न करता है जो इस केस में 3 है।

सिंटेक्स— <Left operand> operator <right operand>

निम्न प्रकार के ऑपरेटर हैं—

(1) अर्थमेटिक ऑपरेटर्स
(2) कम्पेरिजन ऑपरेटर्स
(3) लॉजिकल ऑपरेटर्स
(4) असाइनमेंट ऑपरेटर्स
(5) कंडीशनल ऑपरेटर्स
(6) इन्क्रीमेंट/डिक्रीमेंट ऑपरेटर
(7) बिटवाइज ऑपरेटर

आइए इन सभी ऑपरेटर्स को संक्षेप में समझते हैं—

अर्थमेटिक ऑपरेटर (Arithmetic Operator)

एक अर्थमेटिक ऑपरेटर संख्यात्मक मान को उनके ऑपरेन्ड के रूप में लेता है और एक सिंगल न्यूमेरिक मान आउटपुट के रूप में रिटर्न करता है। स्टैण्डर्ड अर्थमेटिक ऑपरेटर्स हैं—

ऑपरेटर (Operator)	विवरण (Description)
+	दो न्यूमेरिक ऑपरेंड को जोड़ता है।
-	राइट ऑपरेंड को लेफ्ट ऑपरेंड से घटाता है।
*	दो न्यूमेरिक ऑपरेंड का गुणा करता है।
/	लेफ्ट ऑपरेंड को राइट ऑपरेंड से भाग करता है।
%	मॉड्यूलस ऑपरेटर है। दो ऑपरेंड के विभाजन से शेषफल रिटर्न करता है।

उदाहरण

```
var x = 5, y = 10, z = 15;
x + y; //returns 15
```

```
y - x; //returns 5
x * y; //returns 50
y / x; //returns 2
x % 2; //return 1
```

(स) jQuery क्या है? व्याख्या कीजिए।

उत्तर—

प्रस्तावना (Introduction)

jQuery एक ओपन सोर्स जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है जो HTML/CSS डॉक्यूमेंट, या डॉक्यूमेंट ऑब्जेक्ट मॉडल (DOM) और जावास्क्रिप्ट से इंटरैक्ट करना आसान बनाता है।

अन्य शब्दों में कहा जाये तो हम कह सकते हैं कि jQuery, HTML डॉक्यूमेंट ट्रावर्सिंग और मैनीपुलेशन, ब्राउजर इवेंट हैंडलिंग, होम एनिमेशन, अजाक्स इंटरैक्शन और क्रॉस-ब्राउजर जावास्क्रिप्ट डेवलपमेंट को आसान बनाता है।

HTML और CSS का उपयोग करके एक स्थिर वेब पेज बनाया जाता है। जावास्क्रिप्ट के एक बिट का उपयोग करके इन स्टेटिक वेबसाइट्स को डायनामिक बनाया जाता है। jQuery एक जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है 'आउट-ऑफ-द-बॉक्स' बहुत सारे डायनामिक behaviour प्रदान करता है, जिनका उपयोग करके लेआउट में कुछ रचनात्मक इफेक्ट जोड़े जाते हैं। इस अध्याय में हम jQuery के बारे में अध्ययन करेंगे—

jQuery

jQuery एक हल्का, 'Write less, do more' कांसेप्ट पर आधारित जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी है। jQuery का उद्देश्य किसी भी वेबसाइट पर जावास्क्रिप्ट का उपयोग करना आसान बनाना है।

jQuery बहुत सारे कॉमन टास्क करता है जिन्हें पूरा करने के लिए जावास्क्रिप्ट कोड की कई लाइनों की आवश्यकता होती है परन्तु jQuery जावास्क्रिप्ट की सारी लाइन को एक मेथड में wrap कर देता है जिसको एक लाइन लिख कर प्रोग्राम में कॉल किया जा सकता है।

jQuery जावास्क्रिप्ट के बहुत सारे कॉम्पिलकेटेड things जैसे AJAX कॉल और DOM मैनीपुलेशन आदि को भी सरल बनाता है।

jQuery का उपयोग निम्न विशेषताओं के आधार पर किया जाता है—

(1) यह काफी पॉपुलर है और इसे बहुत सारे यूजर्स द्वारा उपयोग किया जाता है तथा बहुत सारे डेवेलपर्स भी इसे उपयोग करना पसंद करते हैं।

(2) इसका उपयोग करके ब्राउजर्स के बीच के अंतर को नॉर्मलाइज किया जा सकता है।

(3) jQuery से प्लग-इन की स्टोरेज capacity में वृद्धि हुई है।

(4) इसका एपीआई पूरी तरह से डॉक्यूमेंटेड है, जिसमें इनलाइन कोड उदाहरण भी सम्मिलित है, इसी कारण यह जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी की सबसे पॉपुलर लाइब्रेरी है।

(5) यह यूजर फ्रेंडली होता है जो अन्य जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी से होने वाले कॉनफ्लिक्ट्स को अवॉयड करने में मदद करता है।

प्रश्न 5. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) XML Schema के बारे में उदाहरण सहित बताएँ।

उत्तर—

एक्सएमएल स्कीम (XML Schema)

एक XML schema एक XML document की संरचना का वर्णन करता है। XML schema language को XML schema डेफिनिशन के रूप में भी जाना जाता है। XML schema का उद्देश्य XML डॉक्यूमेंट के legal building ब्लॉक को परिभाषित करना है।

एक XML schema एक XML document का structural लेआउट है, जो document की बाधाओं और कंटेंट्स के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है। निम्नलिखित combination का उपयोग करके लिमिटेशन को व्यक्त किया जाता है।

(1) यह elements के क्रम को नियंत्रित करने वाले एक grammatical rules है।

(2) यह एक ऐलीमेंट और content एट्रीब्यूट को नियंत्रित करने वाले data types है।

(3) यह attributes के लिए डिफॉल्ट और fixed values है।

XML schema डेफिनिशन (XSD) वर्तमान में XML documents का वर्णन करने के लिए वास्तविक तथ्य है और XML schema standard है जिसके बारे में हम इस chapter में चर्चा करेंगे। XSD को वर्ल्ड वाइड वेब consortium (W3C) द्वारा नियंत्रित किया जाता है। एक XSD स्वयं एक XML दस्तावेज है और XSD standard का वर्णन करने के लिए XSD भी है।

Document Type Definition पहला एक औपचारिक standard था लेकिन अब ज्यादातर मामलों में XSD द्वारा अधिग्रहण किया जाता है।

आइए XML स्कीमा को एक उदाहरण द्वारा समझते हैं—

```
<?xml version='1.0'>
<xs:schema xmlns:'http://www.w3.org/2001/XML Schema'>
<xs:element name='note'gt;
   <xs:complexType>
      <xs:sequence>
         <xs:element name='to' type='xs:string'/>
         <xs:element name='from' type='xs:string'/>
         <xs:element name='heading' type='xs:string'/>
         <xs:element name='body' type='xs:string'/>
      </xs:sequence>
   </xs:complexType>
<xs:element>
<xs:schema>
```

■

▸▸ (ब) Bootstep Button क्या है तथा Solid Button और Outlined Button को समझाइए।

उत्तर—

बूटस्ट्रैप बटन (Bootstrap Button)

टेबल, फॉर्म, कार्ड और अन्य कार्यों के लिए बूटस्ट्रैप बटन कंपोनेट का उपयोग किया जाता है। बूटस्ट्रैप 4 विभिन्न स्टाइल, स्टेट्स और साइज के बटन प्रदान करता है। यह उपयोग करने और कस्टमाइज करने में आसान होते हैं। इसके लिए बूटस्ट्रैप हमें विभिन्न क्लासेज प्रदान करता है जिनका उपयोग विभिन्न टैग जैसे <button>,<a>, <input> तथा <table> के साथ कस्टम बटम स्टाइल अप्लाई करने के लिए किया जाता है। बूटस्ट्रेप बटन के state और आकार को बदलने के लिए भी विभिन्न क्लासेज प्रदान करता है, जिनका उपयोग टॉगल, चेकबॉक्स और रेडियो कटन जैसे इफेक्ट को अप्लाई करने के लिए किया जाता है।

सॉलिड बटन (Solid Button)

बूटस्ट्रैप हमें विभिन्न सॉलिड बटन स्टाइल के लिए विभिन्न क्लासेज प्रदान करता है। जोकि निम्नलिखित है—

btn-primary	btn-secondary	btn-sucess
btn-danger	btn-warning	btn-info
btn-light	btn-dark	btn-link

आउटलाइन बटन्स (Outlined Buttons)

कुछ ऐसी क्लासेज उपलब्ध होती है जिनका उपयोग तब किया जाता है जब प्रोजेक्ट में आउटलाइन स्टाइल बटन, जो कि बिना बैकग्राउंड कलर के बटन के हैं, का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। आउटलाइन बटन क्लासेज बटन पर लागू किसी भी बैकग्राउंड कलर या बैकग्राउंड इमेज स्टाइल को रिमूल कर देते हैं। आउटलाइन बटन क्लासेज अग्रलिखित हैं—

btn-outline-primary	btn-outline-secondary	btn-outline-sucess
btn-outline-danger	btn-outline-warning	btn-outline-info
btn-outline-light	btn-outline-dark	

(स) XML Attributes को उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर—

XML ऐट्रिब्यूट्स (XML Attributes)

XML एलीमेंट्स में HTML जैसे ऐटिब्यूट्स हो सकते हैं। ऐट्रिब्यूट्स को किसी विशिष्ट एलीमेंट से संबंधित डेटा को सम्मिलित करने के लिए डिजाइन किया जाता है। एक एट्रीब्यूट किसी टैग के बारे में अतिरिक्त इनफार्मेशन प्रोवाइड करता है।

HTML में, attributes elements के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करते हैं—

```
<img src='.../...images/flag1.png'>
<a href='demo.html'>
```

ऐट्रीब्यूट्स प्राय: जानकारी प्रदान करते हैं। ये डेटा का एक भाग नहीं है। नीचे दिए गए उदाहरण में, फाइल टाइप डेटा के लिए irrelevant है, लेकिन उस सॉफ्टवेयर के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है जो एलीमेंट को manipulate करना चाहता है।

```
<file type='png'>flag1.png<file>
```

एक XML एट्रीब्यूट का सिंटेक्स इस प्रकार है—

```
<element-name atttribute1 attribute2>
...content..
< /element-name>
```

जहाँ attribute 1 और attribute 2 को निम्नलिखित तरीके से डिफाइन किया जा सकता है—

```
name = 'value'
```

वैल्यू को ' ' या ' ' quoted किया जाना अनिवार्य है।

आइए इसे एक उदाहरण द्वारा समझते हैं—

```
<?xml version ='1' encoding = 'UTF-8'?>
   <!DOCTYPE garden [
   <!ELEMENT garden (plants)*>
   <!ELEMENT plants (#PCPDATA)>
   <!ATTLIST plants category CDATA #REQUIRED>
]>

<garden>
   <plants category = 'flowers' />
   <plants category = 'shrubs'>
   </plants>
</garden>
```

उपरोक्त उदाहरण में दो plants एलीमेंट उपस्थित हैं जिनके एट्रीब्यूट अलग-अलग हैं। दोनों plants एलीमेंट के एट्रीब्यूट क्रमश: 'flower' तथा 'shrub' है।

पॉलिटेक्निक डिप्लोमा सॉल्वड सैम्पल पेपर्स-2

इंटरनेट एवं वेब टेक्नोलॉजी

(Internet & Web Technology)

Time : 2:30 Hours **Total Marks : 50**

प्रश्न 1. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) इंटरनेट के लाभों की व्याख्या करें।

उत्तर—

इंटरनेट के लाभ
(Advantages of Internet)

इंटरनेट के कुछ लाभ इस प्रकार है—

(1) ऑनलाइन बिल (Online Bills)—इंटरनेट की मदद से आसानी से हम घर बैठे अपने सभी बिलों का भुगतान कर सकते हैं। इंटरनेट पर हम क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिग की मदद से कुछ ही मिनटो में बिजली, टेलीफोन, डीटीएच, या ऑनलाइन शॉपिंग के सभी बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

(2) सूचना भेज और प्राप्त कर सकते हैं (Send and Receive Information)—भले ही आप विश्व के किसी भी कोने में बैठे हों एक जगह से दूसरी जगह कई प्रकार की जानकारियाँ या सूचना कुछ ही सेकंड में भेज और प्राप्त कर सकते हैं। आज इंटरनेट पर वॉइस कॉल, वॉइस मैसेज, ईमेल, वीडियो कॉल कर सकते हैं और साथ ही कई प्रकार के अन्य फाइल भी भेज सकते हैं।

(3) ऑनलाइन ऑफिस (Online Office)—कुछ ऐसी बड़ी कंपनियाँ हैं जो अपने कर्मचारियों के लिए घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से काम करने की सुविधा देती हैं। कई ऐसी ऑनलाइन मार्कटिंग और कम्युनिकेशन से जुड़ी कंपनियाँ है जिसके कर्मचारी अपने घर पर ही लैपटॉप और मोबाइल फोन पर इंटरनेट के माध्यम से मार्केटिंग का काम करते हैं।

(4) ऑनलाइन शॉपिंग (Online Shopping)—अब लोगों को बार-बार दुकान जाने की आवश्यकता भी नहीं है क्योंकि अब आप घर बैठे इंटरनेट की मदद से ऑनलाइन शॉपिग कर सकते हैं और बिना कोई मोल भाव किए सस्ते दामों में सामान खरीद सकते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट की मदद से आज सिर्फ आप सामान खरीद ही नहीं सकते हैं बल्कि आप चाहे तो अपने फैमिली और रिश्तेदारों को उपहार भी भेज सकते हैं।

(5) व्यापार को बढ़ावा (Busines Promotion)—जैसे कि हम जानते हैं अब इंटरनेट घर-घर में अपनी जगह बना चुका है। इसीलिए इंटरनेट के माध्यम से अगर आप चाहें तो अपने व्यापार को बहुत आगे ले जा सकते हैं। विश्व की सभी बड़ी कंपनियों अपने व्यापार को और आगे ले जाने के लिए इंटरनेट की मदद ले रही हैं। विश्व की सभी कंपनियाँ ऑनलाइन एडवरटाइजिंग एफिलिएट मार्केटिंग और वेबसाइट की मदद से अपने व्यापार को इंटरनेट के माध्यम से पूरे विश्व भर में फैलाने की कोशिश कर रही हैं।

(6) ऑनलाइन नौकरी की जानकारी व आवेदन (Online Job Details and Application)—अब नौकरियों के लिए आवेदन और जानकारी प्राप्त करना भी बहुत आसान हो गया है। अब आप आसानी से घर बैठे जॉब पोर्टल वेबसाइट की मदद से किसी भी नौकरी के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उनके वेबसाइट पर जाकर नौकरी के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

(7) मनोरंजन (Entertainment)—इस आधनिक युग में अब इंटरनेट घर-घर में मनोरंजन का रिसोर्स बन चुका है। खाली समय में हम इंटरनेट की मदद से गाना सुन सकते हैं, फिल्में और टेलीविजन देख सकते हैं। साथ ही हम ऑनलाइन अपने दोस्तों से मोशल मीडिया या मोशल नेटवर्किंग वेबसाइट पर चैट भी कर सकते हैं। ■

उत्तर—

मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क (MAN)

इसका पूरा नाम मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क है यह एक ऐसा उच्च गति वाला नेटवर्क है जो आवाज, डाटा और इमेज को 200 मेगाबाइट प्रति सेकेंड या इससे अधिक गति मे डाटा को 75 किमी की दूरी तक ले जा सकता है। यह लेन (LAN) से बड़ा तथा वेन (WAN) से छोटा नेटवर्क होता है। इस नेटवर्क के द्वारा एक शहर को दूसरे शहर से कनेक्ट किया जाता है।

इसके अंतर्गत दो या दो से अधिक लोकल एरिया नेटवर्क एक साथ कनेक्ट होते हैं। यह एक शहर की सीमाओं के अंदर स्थित कम्प्यूटर नेटवर्क होता है। राउटर, स्विच और हब्स मिलकर एक मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क का निर्माण करते हैं।

विशेषतायें

(1) इसका रखरखाव कठिन होता है।

(2) इसकी गति उच्च होती है।

(3) यह 75 कि.मी. की दूरी तक फैला रहता है।

मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क के उपयोग

(1) MAN का उपयोग किसी शहर में बैंको के बीच संचार (communication) में किया जाता है।

(2) इसका उपयोग एयरलाइन्स आरक्षण (reservation) में किया जा सकता है।

(3) इसका उपयोग सेना में संचार के लिए भी किया जा सकता है।



(स) WWW की विशेषताएँ बताइए।

उत्तर—

वर्ल्ड वाइड वेब की विशेषतायें (Features of World Wide Web)

(1) हाइपर टेक्स्ट इनफार्मेशन सिस्टम (Hypertext Information System)—वेब पेज के डॉक्यूमेंट में विभिन कम्पोनेंट होते हैं जैसे—टेक्स्ट, ग्राफिक्स. ऑब्जेक्ट, साउण्ड यह सभी कम्पोनेंट आपस में एक दूसरे से जुड़े होते हैं। इन कम्पोनेन्ट्स को आपस में जोड़ने के लिए हाइपरटेक्स्ट का उपयोग किया जाता है।

(2) डिस्ट्रिब्यूटेड (Distributed)—WWW में वेबसाइट एक दूसरे से जुड़े होते हैं। सभी वेबसाइट में अलग अलग इन्फोर्मेशन होती है। बहुत सी वेबसाइट ऐसी होती हैं जो दूसरे वेबसाइट से जुड़ी होती हैं। User एक वेबसाइट खोलकर उससे दूसरे वेबसाइट से जुड़ सकता है। इस कार्यप्रणाली को डिस्ट्रीब्यूटेड सिस्टम कहा जाता है।

(3) क्रॉस प्लेटफॉर्म (Cross Platform)—क्रॉस प्लेटफॉर्म का अर्थ होता है कि वेब पेज या वेबसाइट किसी भी कम्प्यूटर हार्डवेयर या ऑपरेटिंग सिस्टम पर कार्य कर सकता है।

(4) ग्राफिकल इंटरफेस (Graphical Interface)—वर्तमान में सभी वेबसाइट में टेक्सट के अलावा वीडियो, ध्वनि आदि सम्मिलित होते हैं। हाइपरलिंक सुविधा से इन्फोर्मेशन को आसानी से देख सकते हैं या वेब पेज से जोड़ सकते हैं। डायनामिक वेबसाइट में मेनू, कमांड, बटन आदि का उपयोग किया जाता है, इससे कार्य करना आसान हो जाता है। ■

प्रश्न 2. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— $2 \times 5 = 10$

(अ) HTML के अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालिए तथा इसके लाभ-हानि भी बताएँ।

उत्तर—

HTML के अनुप्रयोग
(Applications of HTML)

एट्रीब्यूट्स के साथ HTML के परिचय के बारे में जानने के बाद, अब हम HTML के अनुप्रयोगों पर चर्चा करने जा रहे हैं। जहाँ भी वेब उपलब्ध है, वह HTML की वजह से है। HTML का अनुप्रयोग सभी इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में किया जाता है।

(1) Chrome, Firefox, Safari जैसे ब्राउजर बेहतर प्रदर्शन के लिए बेब contents\ के लिए HTML का उपयोग करते हैं।

(2) Opera, Firefox, Focus, Microsoft edge, Dolphin, Puffin, जैसे विभिन्न मोबाइल ब्राउजर, सभी बेहतर प्रस्तुति और मोबाइल में इंटरनेट content की विजिबिलिटी के लिए HTML का उपयोग करते हैं।

(3) विभिन्न स्मार्ट उपकरणों को उनके संचालन के दौरान बेहतर ब्राउजिंग और नेविगेशन के लिए HTML फंक्शन के साथ एम्बेडेड किया जाता है।

(4) HTML किसी भी वेबपेज पर प्राइमरी ऑथेंटिकेशन चैनल system का समर्थन करता है जिससे कि unwanted ट्रैफिक को रोका जा सके।

(5) एचटीएमएल बड़ी कंटेंट को समायोजित करता है लेकिन छोटे स्क्रीन उपकरणों और बड़े स्क्रीन उपकरणों के लिए समान विजिबिलिटी देता है।

HTML के लाभ
(Advantages of HTML)

जैसा कि हम जानते हैं कि वेब पेज बनाने के लिए HTML एक बहुत ही महत्वपूर्ण लैंग्वेज है। HTML के कुछ लाभ इस प्रकार हैं—

(1) HTML एक प्लेटफॉर्म इंडिपेंडेंट language है।

(2) इसे व्यापक रूप से और विश्व स्तर पर accept किया जाता है।

(3) हर ब्राउजर HTML का समर्थन करता है।

(4) इसे सीखना, उपयोग करना और संशोधित करना आसान है।

(5) यह सभी ब्राउजरों में डिफॉल्ट रूप से उपलब्ध है, इसलिए इसे खरीदने और स्थापित करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(6) एचटीएमएल वेब डिजाइनिंग क्षेत्र में beginners के लिए बहुत उपयोगी है।

(7) यह रंग, प्रारूप और लेआउट की एक विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करता है।

(8) यह टेम्प्लेट का उपयोग करता है जो वेबसाइट डिजाइन को आसान बनाता है।

(9) FrontPage, Dreamweaver और कई विकास उपकरण HTML का समर्थन करते हैं।

(10) HTML सबसे ज्यादा सर्च करने वाला इंजन है।

HTML की हानियाँ
(Disadvanages of HTMLED)

जैसा कि हम जानते है कि प्रत्येक वस्तु के कुछ लाभ होते हैं, तो इसकी कुछ हानियाँ भी होती हैं। तो, HTML के कुछ हानियाँ भी हैं जो अग्र प्रकार हैं—

(1) HTML का उपयोग केवल सादा या स्थैतिक (static) पेज बनाने के लिए किया जाता है। यदि कोई डायनेमिक पेज चाहता है तो HTML उपयोगी नही है। इसलिए, HTML डायनामिक आउटपुट के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(2) कभी-कभी, HTML की संरचना को समझ पाना बहुत मुश्किल होता है।

(3) एक साधारण वेबसाइट बनाने के लिए कोड की कई लाइनों की आवश्यकता होती है।

(4) यदि किसी को सरल चीजों के लिए कोड की कई लाइनें लिखने की आवश्यकता होती है, तो यह जटिलता को बढ़ाता है और अधिक समय लेता है।

(5) HTML का उपयोग वेब में पहले प्रमाणीकरण चरण के लिए किया जा सकता है लेकिन यह मजबूत नहीं है। इसलिए, एचटीएमएल में सिक्योरिटी फीचर्स अच्छे नहीं है और यह केवल सीमित सुरक्षा प्रदान करता है।

(6) एचटीएमएल के साथ वेब पेजों की बेहतर प्रस्तुति के लिए, CSS जैसी अन्य भाषाओं को सीखने की जरूरत है।

▸▸ (ब) X HTML की व्याख्या करें।

उत्तर—

X HTML

X HTML का मतलब एक्स्टेंसिबल हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज है। यह इंटरनेट के विकास में अगला कदम है। X HTML1.0 X HTML फैमिली में पहला डाक्यूमेंट्स प्रकार है।

X HTML, HTML 4.01 में लगभग कुछ ही अंतर है। यह HTML 4.01 का एक क्लीनर और स्ट्रिक्ट वर्जन है। यदि आप HTML के बारे में पहले ये जानते हैं, तो आपको HTML के इस नवीनतम वर्जन को सीखने के लिए थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

वेब डेवलपर्स को HTML से XML में ट्रांजिशन करने में मदद करने के लिए X HTML को वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियम (W3C) द्वारा विकसित किया गया। आज X HTML में माइग्रेट करके, वेब डेवलपर्स अपने सभी लाभों के साथ XML दुनिया में प्रवेश कर सकते हैं।

डेवलपर्स जो अपनी कंटेट को X HTML 1.0 में माइग्रेट करते हैं, उन्हें निम्नलिखित लाभ मिलते हैं—

(1) एक्सएचटीएमएल DOCUMENTS एक्सएमएल के अनुरूप होते हैं क्योंकि वे आसानी से देखे जाते हैं, संपादित (edit) किए जाते हैं और स्टैण्डर्ड एक्सएमएल टूल्स के साथ मान्य होते हैं।

(2) X HTML डाक्यूमेंट्स मौजूदा ब्राउजरों के साथ-साथ नए ब्राउजरों में पहले की तुलना में बेहतर काम करने के लिए लिखे जा सकते हैं।

(3) X HTML डाक्यूमेंट्स स्क्रिप्ट और ऐपलेट जैसे अनुप्रयोगों का उपयोग कर सकते हैं, जो HTML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल या XML डाक्यूमेंट्स ऑब्जेक्ट मॉडल पर निर्भर करते है।

(4) एक्सएचटीएमएल आपको अधिक सुसंगत, अच्छी तरह से संरचित प्रारूप प्रदान करता है ताकि आपके वेबपेजों को आसानी से वर्तमान और भविष्य के वेब ब्राउजर द्वारा पार्स और संसाधित किया जा सके।

(5) आप लंबे समय में अपने डाक्यूमेंट्स को आसानी से बनाए रख सकते हैं, संपादित (edit) कर सकते हैं, परिवर्तित कर सकते हैं और प्रारूपित कर सकते हैं।

(6) चूंकि X HTML W3C का एक आधिकारिक स्टैण्डर्ड है, इसलिए आपकी वेबसाइट कई ब्राउजरों के साथ अधिक संगत हो जाती है और इसे अधिक सटीक रूप से प्रस्तुत किया जाता है।

(7) X HTML HTML और XML की ताकत को जोड़ती है। इसके अलावा, एक्सएचटीएमएल पेजों को सभी एक्सएमएल सक्षम ब्राउजरों द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

(8) X HTML आपके वेबपेजों के लिए प्रोपर्टीबत्ता स्टैण्डर्ड को परिभाषित करता है और यदि आप इसका अनुसरण करते हैं, तो आपके वेब पेजों को प्रोपर्टीबत्ता वेब पेजों के रूप में गिना जाता है। W3C उन पेजों को उनके प्रोपर्टीबत्ता टिकट के साथ प्रमाणित करता है।

वेब डेवलपर्स और वेब ब्राउजर डिजाइनर लगातार अपने विचारों को नई मार्कअप भाषाओं के माध्यम से व्यक्त करने के नए तरीके सर्च कर रहे हैं। एक्सएमएल में, नए एलीमेन्ट्स या अतिरिक्त एलीमेन्ट एट्रीब्यूट्स को पेश करना अपेक्षाकृत आसान है। X HTML फैमिली को X HTML मॉड्यूल और तकनीकों के माध्यम से इन एक्सटेंशन को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया जाता है ताकि नए X HTML-अनुरुप मॉड्यूल को विकसित किया जा सके। ये मॉड्यूल कंटेट को विकसित करने और नए यूजर एजेंटों को डिजाइन करने के समय मौजूदा और नई सुविधाओं के संयोजन की अनुमति देते हैं। ■

(स) Unordered List को उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर—

अनऑर्डर्ड लिस्ट
(Unordered List)

अनऑर्डर्ड लिस्ट में आइटम किसी भी क्रम में प्रदर्शित किए जाते हैं। अनऑर्डर्ड लिस्ट एक बुलेटेड लिस्ट होती है, प्रत्येक आइटम से पहले एक बुलेट सिम्बल उपयोग किया जाता है। अनऑर्डर्ड लिस्ट को <UL> एलीमेन्ट के साथ परिभाषित किया जाता है और अनऑर्डर्ड लिस्ट में आइटम <UL> और </ UL> टैग के बीच <LI> टैग के साथ लिखे जाते हैं।

TYPE एट्रीब्यूट का उपयोग अनऑर्डर्ड लिस्ट में आइटम के साथ प्रदर्शित होने वाली बुलेट के निशान को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। TYPE एट्रीब्यूट में निम्नलिखित तीन वैल्यू हो सकते हैं—

'डिस्क'—लिस्ट पर प्रत्येक आइटम से पहले एक डिस्क, यानी एक बुलेट प्रतीक, प्रदर्शित करन के लिए।

'स्क्वायर'—लिस्ट में प्रत्येक आइटम से पहले एक स्कवायर आकार का प्रतीक प्रदर्शित करने के लिए।

'सर्कल'—लिस्ट के प्रत्येक आइटम से पहले एक सर्कल प्रतीक प्रदर्शित करने के लिए।



उपरोक्त उदाहरण में, एक Unordered List बनाई गई है।

जब हम इंटरनेट एक्सप्लोरर के साथ इस डाक्यूमेंट्स को ओपन करते हैं, तो अग्र आउटपुट विंडो स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है—



$2 \times 5 = 10$

प्रश्न 3. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(अ) CSS की Property की व्याख्या करें।

उत्तर—

CSS प्रोपर्टी (CSS Property)

जब आप CSS प्रोपर्टीज लिखते है तो आप उन्हे ठीक नहीं कर सकते जैसा कि आप फिर देखते है। उदाहरण के लिए 'रंग' एक वास्तविक CSS प्रोपर्टी है, इसलिए आप इसका उपयोग कर सकते है। यह प्रोपर्टी वह है जो किसी एलीमेन्ट के टेक्स्ट का रंग निर्धारित करता है। यदि आपने 'टेक्सट-रंग' या 'फॉन्ट-रंग' का उपयोग CSS प्रोपर्टी के रूप मे करने की कोशिश की तो ये विफल हो जाएंगे क्योंकि ये CSS लैंग्वेज के वास्तविक हिस्से नहीं है।

एक अन्य उदाहरण प्रोपर्टी "Background-image" है। यह प्रोपर्टी एक ऐसी इमेज सेट करती है जिसका उपयोग बैकग्राउड के लिए किया जा सकता है, जैसे—

```
logo {
Background-image: url("/image/asian_publication-logo.jpg");
}
```

यदि आपने प्रोपर्टी के रूप मे "Background-picture" या "Background-graphic" का उपयोग करने की कोशिश की, तो वे असफल हो जाएंगे, क्योंकि एक बार फिर ये वास्तविक CSS प्रोपर्टी नहीं है।

कुछ CSS प्रोपर्टी (Some CSS Property)

कई CSS प्रोपर्टी है जो आप किसी साइट को स्टाइल करने के लिए उपयोग कर सकते है। कुछ उदाहरण निम्न है—

(1) Background-Image
(2) Background-Color
(3) Border-Style
(4) Font-Family
(5) Font-Style
(6) Font-Size
(7) Font-Weight
(8) Width
(9) Height
(10) Color
(11) Text-Align

ये CSS प्रोपर्टी के उदाहरण है, क्योंकि ये सभी बहुत सिम्पल है और भले ही आप CSS को नही जानते हो, आप शायद अनुमान लगा सकते है कि वे अपने नामो के आधार पर क्या करते है।

(ब) Active Pseudo Class को समझाइए, उदाहरण सहित।

उत्तर—

एक्टिव छद्म क्लास (Active Pesudo Class)

यह छद्म क्लास एक एलीमेन्ट का चयन करने के लिए उपयोग किया जाता है जो यूजर द्वारा उस पर क्लिक करने पर एक्टिव होता है। अग्र उदाहरण प्रदर्शित करता है कि जब आप बॉक्स पर क्लिक करते है, तो उसका बैकग्राउंड का रंग एक पल के लिए बदल जाता है।

```
<html>
<head>
      <title>CSS transition-property property</title>
      <style>
      box
            background-color yellow
            width 300px
            height 200px
            margin auto
            font-size 40px
            text-align centre
      }
      box active {
            background-colour orange
      }
      h1 h2{
            color green
            text-align center
      }
      </style>
</head>
<boyd>
            <h1>GYAN PUBLICATION MEERUT</H1>
            <h2> active Pseudo-class</h2>
            <div class="box"
                        G P Technic Meerut<hr>
            its color changes for a moment if you click me!
            </div>
</body>
```

उपरोक्त उदाहरण में, एक्टिव छद्म क्लास का उपयोग किया जाता है। निम्नलिखित आउटपुट हमें प्राप्त होता है जब इसे किसी ब्राउजर पर ओपन करते हैं तो—

■



(स) CSS Universal Selector क्या है? उदाहरण सहित बताइए।

उत्तर—

CSS यूनिवर्सल सिलेक्टर (CSS Universal Selector)

एक HTML पेज में, कंटेंट HTML टैग्स पर निर्भर करती है। टैग की एक जोड़ी एक विशिष्ट वेबपेज एलीमेन्ट को परिभाषित करती है। CSS सार्वभौमिक सिलेक्टर एक वेब पेज पर सभी एलीमेन्ट को सिलेक्ट करता है। यह वाइल्डकार्ड कैरेक्टर के रूप में काम करता है। अग्रलिखित उदाहरण में यूनिवर्सल सिलेक्टर का उपयोग किया जाता है—

```
<html>
    <head>
        <style>
        *
        {
            text-aligh  center
            color  red;
            font  algertan
            font-size  20pxl
        }
        <style>
    </html>
    <body>
        <h1>hello! Students</h1>
        <p>this style will be applied on every paragraph</p>
        <p id="para1">Gyan Publication, Meerut</p>
        <p>G P Technic</P>
        <p class="center"> Push yourself, because no one else is going to it for you</p>
    <bodue>
</htm>
```

उपरोक्त उदाहरण में एक यूनिवर्सल सिलेक्टर का उपयोग किया गया है जो इंटरनेट एक्सप्लोरर पर ओपन किये जाने पर निम्न आउटपुट प्रदर्शित करेगा—

प्रश्न 4. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 5 = 10



(अ) jQuery की लाभ तथा हानि पर प्रकाश डालिए।

उत्तर—

jQuery के लाभ (Advantage of jQuery)

jQuery के लाभ निम्नलिखित है—

(1) समझना और उपयोग करना आसान है—jQuery का सबसे बड़ा advantage यह है कि इसका सिंटेक्स बहुत सरल है जिसकी वजह से इसे सीखना और उपयोग करना आसान है।

(2) Speed—Speed बहुत ही महत्व रखता है। यदि आप Javascript में coding करते हैं तो आपको कई lines के कोड लिखने होंगे जबकि jQuery यही काम कुछ ही लाइन्स के कोड में हो सकती है।

(3) Cross ब्राउजर Compatibility—किसी web designer के लिए सबसे बड़ी problem यह होती है कि वह जो design बना रहा है वह सभी browers में एक जैसा दिखाई देगा या नहीं लेकिन jQuery उपयोग करते समय आपको इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है यह क्रॉस ब्राउजर कम्पेटिबल होता है।

(4) Large Library—Internet पर कई सारे plugins उपलब्ध है जिनका उपयोग करके jQuery के features को extend किया जा सकता है।

(5) Free—इसके लिए आपको किस तरह के पैसे चुकाने को जरूरत नहीं होती है क्योंकि यह free होता है।

(6) Ajax Support—आप अपनी वेबसाइट पर बड़ी आसानी से jQuery के साथ Ajax के features का भी उपयोग कर सकते हैं।

jQuery की हानियाँ (Disadvantages of jQuery)

(1) कार्यक्षमता (functionality) लिमिटेड होती है।

(2) फाइल का साइज काफी कम होता है। ■

(ब) JavaScript क्या है? विस्तार में बताइए।

उत्तर—

परिचय (Introduction)

इस अध्याय मे हम जावास्क्रिप्ट लैंग्वेज तथा उसके फीचर्स के बारे में अध्ययन करेंगे। यह एक डायनामिक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज हैं। इस लैंग्वेज में लिखे गए प्रोगाम को स्क्रिप्ट कहते हैं। ये स्क्रिप्ट वेब पेजों में एम्बेडेड होती है और वे HTML कंटेंट को मैनिपुलेट कर सकती हैं। वेब पेज लोड होने के बाद ये स्क्रिप्ट एक्सीक्यूट होती हैं, जावासिक्रप्ट को एक्सीक्यूट करने के लिए कम्पाइलर की आवश्यकता नहीं होती है। पहले जावास्क्रिप्ट को लाइवस्क्रिप्ट के नाम से जाना जाता था, जावा उस समय बहुत पॉपुलर लैंग्वेज थी तो एक नई लैंग्वेज को नामों में समानता होने से कुछ लाभ होगा इसलिए बाद में इसका नाम बदलकर जावास्क्रिप्ट कर दिया गया। लेकिन बाद में जावास्क्रिप्ट अपने स्वयं के स्पेसिफिकेशन के कारण एक इंडिपेंडेंट लैंग्वेज बन गई जिसे ECMAScript कहा जाता है। जावास्क्रिप्ट का सिंटेक्स प्रोग्रामिंग लैंग्वेज C लेने में अधिक प्रभावित है।

जावास्क्रिप्ट एक स्क्रिप्टिंग लैंग्वेज है, इसे एक्जीक्यूट करने के लिए एक प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। यह प्लेटफॉर्म एक ब्राउजर (जैसे—गूगल क्रोम, मोजिला फिरेफोक्स, इंटरनेट एक्सप्लोर आदि) होता है या वेब पेज को ओपन किया जाता है। ब्राउजर में बिल्ट-इन एक्सीक्यूशन इंजन होते है। पहले के समय में ब्राउजर को मुख्य रूप से IE (इंटरनेट एक्सप्लोरर) द्वारा सपोर्ट किया गया था, इसलिए कई साइटों के बेहतर प्रदर्शन के लिए IE7 का उपयोग किया जाता था लेकिन आजकल, सभी ब्राउजर जावास्क्रिप्ट को सपोर्ट करते हैं, इसलिए हमें इस बात के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है कि क्या हमारी साइट सभी ब्राउजरों पर ओपन होगी या यह केवल किसी स्पेशल ब्राउजर द्वारा समर्थित होगी। स्क्रिप्ट को जावास्क्रिप्ट इंजन की मदद से एक्सीक्यूट किया जाता है। इन इंजनों की उपस्थिति ब्राउजर, सर्वर या किसी अन्य डिवाइस में स्क्रिप्ट के एक्सीक्यूशन को assure करती है। इंजन के नाम प्रत्येक ब्राउजर के लिए भिन्न-भिन्न होते है। कुछ ब्राउजर एम्बेडेड इंजन को 'जावास्क्रिप्ट वर्चुअल मशीन' कहा जाता है, जबकि कुछ अन्य नीचे सूचीबद्ध हैं—

(1) V8 क्रोमियम प्रोजेक्ट द्वारा विकसित गूगल क्रोम का ओपन सोर्स जावास्क्रिप्ट इंजन है।

(2) Spider Monkey नेटस्केप कम्युनिकेशंस द्वारा विकसित पहला इंजन है।

(3) Nashorn, JScript, Rhino, आदि कुछ अन्य जावास्क्रिप्ट इंजन है। ■

(स) Web Document में JavaScript को कैसे जोड़ते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर—

वेब डाक्यूमेंट्स में जावास्क्रिप्ट को जोड़ना
(Adding JavaScript to Web Documents)

जावास्क्रिप्ट, जिसे JS भी कहा जाता है, एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जिसका उपयोग वेब डेवलपमेंट में किया जाता है। जावास्क्रिप्ट का उपयोग वेबपेजों को इंटरेक्टिव बनाने और वेब ऐप्स बनाने के लिए किया जाता है। आधुनिक वेब ब्राउजर, जो कॉमन डिस्प्ले स्टैण्डर्ड का पालन करते हैं, अतिरिक्त प्लगइन्स के बिना बिल्ट-इन-इंजन के माध्यम से जावास्क्रिप्ट को सपोर्ट करते हैं। वेब के लिए फाइलों के साथ काम करते समय, जावास्क्रिप्ट को HTML मार्कअप के साथ लोड और रन करना अनिवार्य होता है। यह या तो एक HTML डॉक्यूमेंट में या एक अलग फाइल में इनलाइन किया जा सकता है, जिसे ब्राउजर HTML डाम्यूमेंट्स के साथ डाउनलोड किया जा सकता है।

जावास्क्रिप्ट कैसे जोड़ें?

जावास्क्रिप्ट को HTML में HTML टैग <scripts> का उपयोग करके जोड़ा जा सकता है। <Script> टैग HTML के <head> सेक्शन में, <body> सेक्शन में, या </body> क्लोज टैग के बाद रखा जा सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है

कि आप जावास्क्रिप्ट को कब लोड करना चाहते हैं। प्राय: जावास्क्रिप्ट कोड डॉक्यूमेंट के <head> सेक्शन के अंदर
जाता है, जिससे की जावास्क्रिप्ट कोड HTML डॉक्यूमेंट के main कंटेंट से बाहर और HTML डॉक्यूमेंट में समाहित रहे

HTML डॉक्यूमेंट में जावास्क्रिप्ट इन्सर्ट के लिए निम्नलिखित स्टेप्स को फॉलो किया जाता है—

(1) एक सिंपल टेक्स्ट एडिटर ओपन करें—MAC पर टेक्स्एडिट और विंडोज पर नोटपैड बेसिक टेक्स्ट ए
होते हैं।

(2) एक HTML ब्लॉक स्टार्ट करें—HTML टैग्स को सम्मिलित करें, जिसमें <head> और </ head> तथा b
और </ body> भी सम्मिलित हो। पेज स्टार्ट करने के लिए आवश्यक सभी टैग सम्मिलित करें, जैसा कि चित्र में दिखाया गया

(3) HTML हेड में स्क्रिप्ट टैग जोड़ें—ऐसा करने के लिए, एक <script language = 'javascript'> टै
<head> में इन्सर्ट करें। यह टेक्स्ट एडिटर को बताता है कि आप अपने HTML प्रोग्राम को लिखने के लिए जावास्क्रिप्ट ल
का उपयोग करना चाहते हैं।

(4) जावास्क्रिप्ट फंक्शन का उपयोग करके अन्य स्क्रिप्ट को कॉल करें—यदि आप जानते है कि स्क्रिप्ट फ
कहाँ मिल सकती है, स्क्रिप्ट टैग में src = property जोड़ें और जावास्क्रिप्ट फाइल का पूरा वेब एड्रेस सम्मिलित क

(5) पूरे HTML डॉक्यूमेंट को लिखने के बाद file बटन पर क्लिक करें, फिर save ऑप्शन पर क्लिक करें।
बाद अपनी फाइल को .html एक्सटेंशन के साथ सेव करें।

इस प्रकार, javaScript हमारे html डॉक्यूमेंट में इन्सर्ट हो चुका है। अब पूरी प्रक्रिया का एक उदाहरण के माध्य
समझते हैं।



प्रश्न 5. निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2 × 5 =

(अ) Bootstrap का उपयोग वेब पेज में कैसे करते हैं? समझाइए।

उत्तर—

बूटस्ट्रैप का उपयोग करके वेब पेज बनाना
(Creating Web Page Using Bootstrap)

बूटस्ट्रैप का उपयोग करके वेब पेज बनाने के लिए निम्नलिखित स्टेप्स को फॉलो करें—

HTML Doctype जोड़ना (Add HTML doctype)

बूटस्ट्रैप HTML एलिमेंट्स और CSS प्रोपर्टी का उपयोग करते हैं जिनके लिए HTML5 Doctype की आवश्य
होती है।

हमेशा पेज की शुरूआत में lang एट्रीब्यूट और सही करैक्टर सेट के साथ HTML5 Doctype को सम्मिलित करें

सिंटेक्स—
```
<!DOCTYPE html>
<html lang="en">
<head>
<meta charset="utf-8">
</head>
</html>
```

बूटस्ट्रैप को जोड़ना (Use Bootstrap)

बूटस्ट्रैप 3 मोबाइल डिवाइस के लिए रेस्पोंसिबेली डिजाइन किया गया है। मोबाइल-फर्स्ट स्टाइल कोर फ्रेम वर्क का हिस्सा है। उचित रेंडरिंग और टच जूमिंग के लिए, <meta> टैग को <head> एलीमेंट के अंदर निम्नलिखित तरीके से जोड़े—

सिंटेक्स—

```
<meta name="viewpoint" content="width=device-width, initial-scale=1">
```

width=device-width वाला भाग डिवाइस की स्क्रीन-विड्थ (जो डिवाइस के आधार पर अलग-अलग होगी) को फॉलो करने के लिए पेज को विड्थ निर्धारित करता है।

initial-scale=1, प्रारंभिक जूम लेवल सेट करता है जब पेज ब्राउजर द्वारा पहली बार लोड किया जाता है।

कंटेनर्स (Containers)

बूटस्ट्रैप को साइट के कंटेंट को wrap करने के लिए एक कंटेनिंग ऐलीमेन्ट की आवश्यकता होती है। बूटस्ट्रैप में दो कंटेनर क्लॉसेस होती है जो कि निम्नलिखित है—

(1) .container class एक रेस्पॉन्सिव फिक्स्ड विड्थ का कंटेनर प्रोवाइड करती है।

